सुविचार

प्यार और सम्मान करने की क्षमता मनुष्य को ईश्वर का दिया हुआ सबसे बड़ा उपहार है।

# प्रथम न्यूज

PRATHAM NEWS

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in

email:- dainikprathamnews@gmail.com

Pratham News

@dainikprathamnews



कोलकाता ने जीत के साथ पंजाब-राजस्थान का बढ़ाया सिरदर्द, मुंबई को हराकर पूरा किया अपना बदला..ह्वाह्वा.

» पृष्ठ 7 पर

जालंधर, वर्ष: 16 अंक : 139 | दिनांक : वीरवार, 21 मई 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्क: | 97796-00900 | पन्ने- 8 | मूल्य: ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540

# भारत-इटली संबंधों को मिली नई मजबूती

## पीएम मोदी ने स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप का किया ऐलान

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

20 मई ( एएम नाथ )

दो दिवसीय इटली दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साझा बयान में कहा कि पिछले लगभग साढ़े 3 सालों में मुझे कई बार प्रधानमंत्री मेलोनी से मिलने का मौका मिला है। यह भारत और इटली के बीच करीबी सहयोग और सामंजस्य को दर्शाता है। उनके नेतृत्व में हमारे संबंधों को नई गति, नई दिशा और नया आत्मविश्वास मिला है।

उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि हम अपने संबंधों को अपग्रेड करते हुए स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा कर रहे हैं।

आज की बैठक में हमने हमारी भावी साझेदारी को और सशक्त बनाने के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की। भारत-इटली ज्वाइंट स्ट्रेटेजिक एक्शन प्लान 2025-2029 हमारी साझेदारी को एक व्यवहारिक और फ्यूचरिस्टिक ढांचा प्रदान करता है। हम इस पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं।



### डिजाइन एंड डेवलप इन इंडिया एंड इटली एंड डिलीवर फॉर वर्ल्ड

प्रधानमंत्री ने कहा कि इटली विश्व में डिजाइन और सटीकता के लिए जाना जाता है। भारत की पहचान स्केल, टेलेंट और अफोर्डेबल इनोवेशन के पावर हाउस की है। इसलिए हम डिजाइन एंड डेवलप इन इंडिया एंड इटली एंड डिलीवर फॉर वर्ल्ड सिद्धांत पर आगे बढ़ेंगे।

### भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी स्वाभाविक

पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में करीबी सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है।

हमारी सेनाओं के साथ साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच भी सहयोग बढ़ रहा है। हमारे डिफेंस इंडस्ट्रीयल रोडमैप से को-डेवलपमेंट और को-प्रोडेक्शन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

समुद्री शक्तियों के रूप में भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी के क्षेत्र में करीबी सहयोग स्वाभाविक है। हम मिलकर शिपिंग, पोर्ट मॉर्डनाइजेशन, लॉजिस्टिक्स और ब्लू इकोनॉमी पर काम करेंगे।

**आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती :** पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इटली एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। टेरर फंडिंग के खिलाफ हमारी साझा पहल ने पूरे विश्व के सामने एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। भारत और इटली ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जिम्मेदार लोकतंत्र केवल आतंकवाद की निंदा नहीं करतीं, बल्कि उसके वित्तीय चेन को तोड़ने के लिए ठोस कदम भी उठाती हैं।

### समस्याओं का समाधान डायलॉग और डिप्लोमेसी से होना चाहिए : पीएम मोदी

यूक्रेन, पश्चिम एशिया तथा अन्य तनावों को लेकर हम लगातार संपर्क में रहे हैं। भारत का मत स्पष्ट है कि सभी समस्याओं का समाधान डायलॉग और डिप्लोमेसी के जरिए से होना चाहिए। हमारा रिश्ता केवल डिप्लोमेसी का नहीं, बल्कि साझी धरोहर का है। अगले वर्ष भारत और इटली के संबंधों की 80वीं एनिवर्सरी के उपलक्ष्य में ईयर ऑफ कल्चर मनाया जाएगा। इससे हमारे सांस्कृतिक संबंधों को और ताकत मिलेगी।

## PM मोदी को मिला FAO का प्रतिष्ठित एग्रीकोला मेडल

### दुनियाभर में भारत की कृषि उपलब्धियों की सराहना

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

20 मई ( एएम नाथ )

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) ने अपने सर्वोच्च सम्मान 'एग्रीकोला मेडल' से नवाजा है। यह सम्मान 2026 के लिए FAO के महानिदेशक डॉ. क्यू डोंग्यु ने रोम स्थित FAO मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में पीएम मोदी को प्रदान किया।

FAO के महानिदेशक ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके उस योगदान के लिए है, जिसके जरिए उन्होंने कृषि उत्पादकता बढ़ाने, खाद्य सुरक्षा मजबूत करने और किसानों के कल्याण के लिए कई बड़े और अहम कदम उठाए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं ने भूख और गरीबी से लड़ने, सार्वभौमिक खाद्य सुरक्षा हासिल करने और संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (SDGs) को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है।



**कृषि क्षेत्र में सुधार की सराहना**

FAO प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि भारत ने किसान-केंद्रित और नवाचार आधारित नीतियों के जरिए अपने कृषि क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाया है। उन्होंने भारत की योजनाओं के पैमाने और प्रभाव को असाधारण बताया। उन्होंने खास तौर पर कोरोना महामारी के दौरान 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा देने वाली योजना, 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार जैसे कदमों की सराहना की।

## संक्षिप्त न्यूज

### भारत बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा न्यूक्लियर बाजार

#### अमेरिकी कंपनियों की लगी कतार




**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**- अमेरिका से करीब 20 बड़ी न्यूक्लियर कंपनियों का एक हाई लेवल डेलिगेशन इन दिनों भारत पहुंचा है। इसका मकसद भारत के साथ साझेदारी तलाशना और अमेरिकी न्यूक्लियर रिएक्टर बेचने की संभावनाओं को आगे बढ़ाना है। यह सब भारत के महत्वाकांक्षी न्यूक्लियर एनर्जी मिशन के तहत हो रहा है। भारत ने 2047 तक 100 गीगावॉट न्यूक्लियर पावर क्षमता तैयार करने का लक्ष्य रखा है। अनुमान है कि यह पूरा बाजार करीब 280 से 300 अरब डॉलर का हो सकता है। दरअसल, भारत की परमाणु ऊर्जा दुनिया एक बार फिर वैश्विक निवेशकों को अपनी तरफ खींच रही है। लगभग दो दशक पहले हुए ऐतिहासिक भारत-अमेरिका सिविल न्यूक्लियर समझौते से उम्मीद जगी थी कि भारत की ऊर्जा तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। लेकिन लंबे समय तक यह साझेदारी जमीन पर वैसी रफ्तार नहीं पकड़ सकी जैसी उम्मीद थी। अब हालात बदलते दिखाई दे रहे हैं और इस बार अमेरिकी परमाणु उद्योग का कहना है कि भारत में कारोबारी माहौल आखिरकार उनके पक्ष में आता दिख रहा है।

### 'लंगड़ा' के इशारों पर हुआ पहलगाम नरसंहार

#### पाकिस्तान से चला पूरा ऑपरेशन, NIA चार्जशीट में बड़े खुलासे

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**- कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले को लेकर NIA की चार्जशीट में सनसनीखेज खुलासे हुए हैं, जिनसे साफ संकेत मिलता है कि पूरी साजिश पाकिस्तान में बैठकर रची गई। जांच में सामने आया है कि लश्कर और TRF का आतंकी साजिद जट्ट उर्फ 'लंगड़ा' लाहौर से पूरे ऑपरेशन को रिमोट कंट्रोल कर रहा था।



NIA ने अपनी चार्जशीट में सैफुल्लाह उर्फ साजिद जट्ट उर्फ 'लंगड़ा' को इस हमले का मुख्य आरोपी नंबर-1 बताया है। एजेंसी के मुताबिक, वह पाकिस्तान के लाहौर में बैठकर आतंकियों को लगातार निर्देश दे रहा था। जांच में पहली बार उसकी पहचान भी पुख्ता हुई है। चार्जशीट में शामिल तस्वीर की पहचान उसके कश्मीर में रहने वाले बेटे से करवाई गई, जिसने पुष्टि की कि वही उसका पिता है। NIA इसे बेहद अहम सबूत मान रही है, जिससे उसके नेटवर्क और मौजूदगी की आधिकारिक पुष्टि होती है।

## पंजाब सरकार का बड़ा फैसला

# नीट परीक्षार्थियों को पंजाब रोडवेज बसों में 3 दिन मुफ्त सफर

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली/चंडीगढ़

20 मई ( एएम नाथ )

पंजाब सरकार ने नीट परीक्षा देने जा रहे छात्रों के लिए बड़ा फैसला लेते हुए 20 से 22 जून तक पंजाब रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का ऐलान किया है।

छात्रों को बस यात्रा के दौरान अपना नीट एडमिट कार्ड दिखाना होगा। यह घोषणा बुधवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल की अपील के बाद की।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कई छात्रों ने उन्हें संदेश भेजकर बताया था कि उनके पास परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए किराए तक के पैसे नहीं होते। छात्रों की इस परेशानी को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान से चर्चा की, जिसके बाद पंजाब सरकार ने यह निर्णय लिया। केजरीवाल ने कहा कि 20, 21 और 22 जून को नीट परीक्षार्थी पंजाब रोडवेज की बसों में मुफ्त सफर कर सकेंगे।



उन्होंने छात्रों से हिम्मत बनाए रखने और पूरी मेहनत से परीक्षा की तैयारी करने की अपील की। केजरीवाल ने कहा कि कुछ बच्चों ने उन्हें डिप्रेशन और मोटिवेशन की कमी की बात भी लिखी थी। उन्होंने कहा कि बच्चों को निराश होने की जरूरत नहीं है, बल्कि पूरे आत्मविश्वास और मेहनत के साथ अपने सपनों को पूरा करने में जुटना चाहिए।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों के बड़े सपने होते हैं और उन सपनों को पूरा करने में सरकार का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई गरीब परिवारों के बच्चे नीट की परीक्षा देते हैं और कई बार उनके पास परीक्षा केंद्र तक पहुंचने का किराया भी नहीं होता। इसी को ध्यान में रखते हुए पंजाब सरकार ने यह विशेष सुविधा शुरू की है।

मान ने कहा कि 21 जून को नीट परीक्षा है, इसलिए छात्र 20 या 21 जून को परीक्षा केंद्र तक जा सकते हैं और 22 जून को वापस लौट सकते हैं। इन तीन दिनों में पंजाब रोडवेज की सभी सरकारी बसों में उनका किराया पूरी तरह माफ रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों को केवल अपना एडमिट कार्ड दिखाना होगा और उन्हें टिकट लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने छात्रों से पूरे जोश, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ परीक्षा देने की अपील करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हरियाणा के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों का ऐलान

### शिक्षकों को निर्देश, क्लास के दौरान मोबाइल इस्तेमाल नहीं करेंगे

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

20 मई ( एएम नाथ )

इन दिनों भीषण गर्मी और लू के कहर से हर कोई त्राहि-त्राहि बोल रहा है। वहीं गर्मी के सितम को देखते हुए हरियाणा के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों का ऐलान कर दिया गया है। 25 मई से 30 जून तक स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां रहेंगी। पहले यह छुट्टियां 1 जून से होनी थीं। लेकिन गर्मी और लू के अलर्ट के चलते हरियाणा सरकार ने छुट्टियां पहले ही करने का फैसला लिया। जिससे बच्चों की सेहत को कोई नुकसान न पहुंचे। छुट्टियां होने से बच्चों में भी खुशी की लहर दौड़ गई है।

वहीं बैठक में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में कोई भी अध्यापक कक्षा के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करेगा। साथ ही विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना विकसित करने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में श्रमदान को भी शामिल किया जाएगा। यानि सरकारी स्कूलों में अब बच्चे श्रमदान भी सीखेंगे।



वहीं क्लास के दौरान शिक्षक मोबाइल इस्तेमाल नहीं करे सकेंगे।

### CM सैनी ने शिक्षा विभाग के साथ बैठक की

बता दें कि मुख्यमंत्री नायब सैनी और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आज बुधवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ सरकारी स्कूलों में बुनियादी और आवश्यक सुविधाओं को लेकर अहम समीक्षा बैठक की। बैठक में सीएम सैनी ने अधिकारियों से कहा कि स्कूलों में सभी जरूरी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाएं। क्योंकि प्रत्येक बच्चे को सही और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

## PM मोदी और अमित शाह को लेकर राहुल के बयान पर सियासत तेज

### BJP अध्यक्ष नितिन नवीन ने जताई आपत्ति

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

20 मई ( एएम नाथ )

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर कहा कि राहुल गांधी का आज का बयान बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और कहीं न कहीं उनकी अराजकतावादी मानसिकता को दिखाता है। मैं मानता हूं कि भारतीय राजनीति में जहां सुचिता, सामाजिकता और एक-दूसरे को सम्मान देने की प्रक्रिया है, उसमें उनका यह बयान बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं मानता हूं कि लगातार हो रही हार, निराशा कहीं न कहीं उनके स्वभाव और चरित्र में दिख रही है। उन्होंने कहा कि आज हम भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने का काम किया गया है। क्या नक्सलवाद को खत्म करना गद्दारी है?, क्या देश की जमीन को सुरक्षित रखना गद्दारी है?, क्या तिरंगे का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाना गद्दारी है?



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रायबरेली के लोधवारी गांव में आयोजित 'बहुजन स्वाभिमान सभा' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर एक टिप्पणी की। उन्होंने विवादित बयान देते हुए दोनों को गद्दार कहा और देश बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है और संविधान की मूल भावना को कमजोर किया जा रहा है।

# हिमाचल पंचायत चुनाव में खर्च पर सख्ती

## जिला परिषद उम्मीदवारों पर आयोग की कड़ी नजर

» प्रथम न्यूज । शिमला

20 मई ( बी. शर्मा )

हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में जिला परिषद उम्मीदवारों द्वारा चुनाव प्रचार पर अधिक खर्च किए जाने की शिकायतों के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग ने सख्त कदम उठाए हैं। आयोग को प्राप्त शिकायतों में बताया गया है कि कई उम्मीदवार प्रचार के दौरान शक्ति प्रदर्शन, रोड शो, बड़े काफिले और भारी भीड़ जुटाकर चुनावी माहौल बना रहे हैं।

इस स्थिति को देखते हुए आयोग ने सभी जिलों में नियुक्त पर्यवेक्षकों और निगरानी के लिए गठित उड़न दस्तों को पैनी नजर रखने और इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### नामांकन के बाद से सारा खर्च जुड़ेगा

आयोग ने स्पष्ट किया है कि नामांकन पत्र दाखिल करने के दिन से ही उम्मीदवार का पूरा चुनावी खर्च उसके खाते में जोड़ा जाएगा। जिला परिषद सदस्य पद के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा एक लाख रुपये निर्धारित की गई है।




यदि कोई उम्मीदवार इस सीमा से अधिक खर्च करता पाया गया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

सूत्रों के अनुसार, आयोग को कई जिलों से शिकायतें मिली हैं कि कुछ उम्मीदवार प्रचार में वाहनों के लंबे काफिले निकाल रहे हैं। समर्थकों की भीड़ और भारी तादाद में वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। प्रचार सामग्री पर भी भारी खर्च किया जा रहा है।

कई स्थानों पर रोड शो और शक्ति प्रदर्शन के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशों की भी शिकायतें आई हैं। इसी के मद्देनजर आयोग ने पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव प्रचार गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें।

### प्रधान, उपप्रधान के लिए नहीं है खर्च की सीमा

खर्च सीमा तय करने का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखना है, ताकि धनबल का प्रभाव कम हो सके। आयोग ने उम्मीदवारों को भी सलाह दी है कि वे निर्धारित सीमा के भीतर रहकर प्रचार करें। पंचायती राज चुनावों में जहां जिला परिषद सदस्य के लिए खर्च सीमा तय की गई है, वहीं प्रधान, उपप्रधान, वार्ड पंच और पंचायत समिति सदस्य पद के उम्मीदवारों के लिए चुनाव खर्च की कोई सीमा नहीं है। हालांकि, इन पदों के उम्मीदवारों की गतिविधियों पर भी प्रशासनिक स्तर पर सामान्य निगरानी रखी जा रही है।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
पंजाब न्यूज
Website : www.prathamnews.in



## संक्षिप्त न्यूज

### पुलिस ने 8 तस्करों को किया गिरफ्तार; हेरोइन और नशीली गोलियां बरामद



**गुरदासपुर ( संदीप सन्नी ) :** जिला गुरदासपुर पुलिस ने नशा तस्करों पर अपनी कार्रवाई तेज़ करते हुए विभिन्न थानों के अंतर्गत छापेमारी कर 37 ग्राम 44 मिलीग्राम हेरोइन और 13 नशीली गोलियों सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

***विभिन्न थानों में की गई कार्रवाई का विवरण***

**थाना धारीवाल :** पुलिस ने साजन नामक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 06 ग्राम हेरोइन बरामद की।

**थाना दीनानगर :** यहाँ पुलिस ने एक महिला को 06 ग्राम 04 मिलीग्राम हेरोइन और शक्ति नामक व्यक्ति को 08.90 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया।

**थाना पुराना शाला :** हरजीत सिंह और प्रदीप सिंह को काबू कर उनके पास से 13 नशीली गोलियां बरामद की गईं।

**थाना काहनूवान :** साहिल नामक युवक को 06 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया।

**थाना घुम्मन कलां :** पुलिस ने राजबीर सिंह को 05 ग्राम 50 मिलीग्राम हेरोइन सहित दबोचा।

**थाना बहरामपुर :** राजेश कुमार को 05 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया गया।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज कर लिए हैं।

### बजरंग दल हिन्दोस्तान ने स्व. जतिन्दर कुमार जे.के.चगरां की पहली बरसी मनाकर श्रद्धांजलि भेंट की



**होशियारपुर( तरसेम दीवाना )** – बजरंग दल हिन्दोस्तान संगठन होशियारपुर की टीम की ओर से स्व. जतिन्दर कुमार जे.के.चगरां की पहली पुण्य तिथी के अवसर पर श्री बजरंग बली मंदिर होशियारपुर में पहुंचकर श्री हनुमान चालिसा का पाठ किया गया तथा इस उपरांत आये हुये सभी बजरंगियों की ओर से जे.के.चगरां को श्रद्धांजलि भेंट की गई। इसके बाद राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता संदीप राजपूत तथा राष्ट्रीय महासचिव मनजीत सिंह माहिलपुरी की ओर से जे.के.चगरां के जीवनी सम्बन्धी विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा उनके दिखाये हुये मार्ग पर चलने के लिए आये हुये बजरंगियों को प्रेरित किया।

इसके उपरांत परमजीत सिंह फौजी बूथगढ़ राष्ट्रीय उप-प्रधान, जसवीर सिंह मन्नू राष्ट्रीय उप-प्रधान ने आये हुये बजरंगियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर दविन्दर सिंह माहिलपुरी ज़िला वाईस प्रधान, टोनी हांडा सिटी प्रधान, अतुल वालिय सिटी वाईस प्रधान, संजू संजीव हलका चब्बेवाल प्रधान, जुल किशोर, पुष्पिंदर, हेमा बस्सी, मनीश अरोड़ा, रणजोध सिंह राणा, रमन पवार युवा नेता, राहुल राणा, मुकुल शर्मा, ओंकार सिंह, सुरिन्दर वासुदेव, शीतल, दीपक कुमार, गुरप्रीत सिंह, लखवीर कुमार, लखवीर कुमार, पवनदीप, गौरव कुमार, सौरव कुमार आदि बजरंगी शामिल थे।

### मैं लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करूंगी : रामनदीप कौर

**जीरा, 20 मई ( अंग्रेज बराड़ )** – बहुजन समाज पार्टी की ओर से जीरा के वार्ड नंबर 1 से जीरा नगर परिषद चुनाव लड़ रही रमनदीप कौर जीरा ने कहा कि यदि जनता उन्हें सेवा करने का मौका देगी, तो वे लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि वार्ड नंबर 1 से पहले जो पार्षद रह चुके हैं, वे जो काम नहीं कर पाए, उन्हें भी पूरा किया जाएगा। रमनदीप कौर जीरा ने यह भी कहा कि हमारी पार्टी अन्य पार्टियों के नेताओं की तरह झूठे वादे नहीं करती, बल्कि जो कहती है, वही करती है। उन्होंने कहा कि मैं अपने वार्ड और जीरा शहर के विकास के लिए दिन-रात काम करूंगी।



### राजविंदर कौर का कहना है कि मेरा लक्ष्य अपने वार्ड और शहर का विकास करना होगा

**जीरा, 20 मई ( अंग्रेज बराड़ )** – कांग्रेस पार्टी की ओर से पूर्व विधायक कुलबीर सिंह जीरा के नेतृत्व में जीरा के वार्ड संख्या 15 से जीरा नगर परिषद चुनाव लड़ रही सरदार कुलविंदर सिंह संधू की पत्नी श्रीमती राजविंदर कौर संधू ने कहा कि यदि जनता उन्हें सेवा का मौका देती है, तो उनका मुख्य लक्ष्य अपने वार्ड संख्या 15 और जीरा शहर का विकास करना होगा! उन्होंने कहा कि वह अपने वार्ड के निवासियों को आश्वासन देती हैं कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। राजविंदर कौर संधू ने कहा कि उनके बेटे जगजीवन सिंह संधू और पूरा परिवार हमेशा जनसेवा को प्राथमिकता देता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य जीरा शहर का विकास और स्वच्छता सुनिश्चित करना होगा!



## अकाली दल पुनर सुरजीत को बड़ा झटका, मनप्रीत सिंह अयाली ने छोड़े पद

# मनप्रीत सिंह अयाली ने अकाली दल (पुनर सुरजीत) के सभी पदों से दिया इस्तीफा

### पंजाब की राजनीति में हलचल, अयाली बोले- दिल्ली से चलने वाली पार्टियों में नहीं जाएंगे

**» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़**
**20 मई ( एएम नाथ )**



पंजाब की राजनीति में इस समय बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मुल्लांपुर दाखा से विधायक मनप्रीत सिंह अयाली ने शिरोमणि अकाली दल ( पुनर सुरजीत ) के सभी पदों से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने यह जानकारी खुद सोशल मीडिया पर वीडियो और पोस्ट साझा कर दी। अयाली के इस फैसले के बाद पंजाब के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

अपने वीडियो संदेश में मनप्रीत सिंह अयाली ने साफ कहा कि वह किसी भी तरह के दबाव में आने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कितनी भी राजनीतिक परिस्थितियां बनें, वह दिल्ली से संचालित होने वाली पार्टियों में शामिल होने के बारे में सोच भी नहीं सकते। अयाली ने स्पष्ट रूप से कहा कि बीजेपी, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और बादल दल जैसी पार्टियों में जाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उनके इस बयान को राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।

पंजाब की राजनीति में मनप्रीत सिंह अयाली लंबे समय से एक प्रभावशाली नेता माने जाते रहे हैं। वह पुनर्जीवित शिरोमणि अकाली दल की राजनीति से लगातार जुड़े रहे और पार्टी के भीतर मजबूत सिख चेहरों में उनकी गिनती होती रही है। खासतौर पर ग्रामीण पंजाब और मालवा क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। ऐसे में उनका इस्तीफा पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक पिछले कुछ समय से अयाली पार्टी की नीतियों और संगठन के अंदरूनी फैसलों को लेकर असंतुष्ट चल रहे थे। बताया जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व के कुछ निर्णयों से वह सहमत नहीं थे। हालांकि उन्होंने अपने बयान में किसी नेता का नाम लेकर हमला नहीं किया, लेकिन उनके इस्तीफे को पार्टी नेतृत्व के खिलाफ नाराजगी के रूप में देखा जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मनप्रीत सिंह अयाली का यह कदम आने वाले समय में पंजाब की सियासत पर असर डाल सकता है। शिरोमणि अकाली दल पहले ही लगातार कमजोर होती राजनीतिक स्थिति से जूझ रहा है और अब अयाली जैसे प्रभावशाली नेता का इस्तीफा पार्टी के लिए नई चुनौती खड़ी कर सकता है।

फिलहाल अयाली के अगले राजनीतिक कदम को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि उन्होंने साफ कर दिया है कि वह दिल्ली आधारित किसी भी पार्टी में शामिल नहीं होंगे। इसके बावजूद राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज है कि आने वाले दिनों में वह कोई नई रणनीति या राजनीतिक मंच तैयार कर सकते हैं।

### महंगाई, बेरोजगारी और टैक्सों के बोझ से परेशान जनता अब केंद्र सरकार की लोक विरोधी नीतियों को समझ चुकी है : बेगमपुरा टाइगर फोर्स

**होशियारपुर ( तरसेम दीवाना )** – बेगमपुरा टाइगर फोर्स के चेयरमैन तरसेम दीवाना और राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मपाल साहनेवाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार फोर्स के पंजाब अध्यक्ष बीरपाल ठरोली, जिला अध्यक्ष हैप्पी फतेहगढ़, बंटी हरियाणा ब्लॉक अध्यक्ष हल्का शाम चौरासी, रवि सुंदर नगर, शम्मी बिर्दी पुरहीरां, बंटी, रोहित नारा डाडा, ने पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया। नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने चुनावों के बाद एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाकर जनता पर महंगाई का एक नया बम फेंका है। उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लगातार कम थीं, तब भी केंद्र सरकार ने जनता को कोई राहत नहीं दी और भारी टैक्स लगाना जारी रखा। उन्होंने कहा कि 12 सालों से, यह सरकार आम लोगों की जेबें खाली करने में जुटी हुई है और राहत नहीं दे रही है। नेताओं ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और टैक्सों के बोझ से परेशान जनता अब केंद्र सरकार की लोक विरोधी नीतियों को समझ चुकी है। इसलिए पंजाब सरकार को भी पेट्रोल और डीजल की बढ़ी हुई कीमतों पर 5-5 रुपये घटाकर लोगों को राहत देने के लिए वैट घटाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी की सरकार तुरंत वैट नहीं घटाती है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि केंद्र सरकार और पंजाब सरकार दोनों मिलकर जनता पर महंगाई का बोझ डाल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार हमेशा विश्वव्यापी हालात को बहाने के तौर पर इस्तेमाल करते हुए आम लोगों पर वित्तीय बोझ डालती रही है, जबकि सच्चाई यह है कि पिछले कई सालों से केंद्र सरकार पेट्रोलियम उत्पादों पर टैक्सों के माध्यम से जनता से भारी रकम वसूल रही है।



# स्वच्छ वायु के लिए एकजुट और संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता : अतिरिक्त उपायुक्त

**» प्रथम न्यूज । जालंधर**
**20 मई ( डोगरा )**

पंजाब में वायु प्रदूषण और जन स्वास्थ्य से संबंधित स्थानीय स्तर की कार्रवाइयों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जालंधर प्रशासन ने लंग केयर फाउंडेशन के सहयोग से %साझा वायु और स्वास्थ्य% शीर्षक से एक विशेष क्षमता निर्माण सत्र का आयोजन किया।

जिला प्रशासनिक परिसर में आयोजित यह सत्र, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ( यूएनईपी ) के सहयोग से किए जा रहे एक निरंतर प्रयास का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य जिला अधिकारियों, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों, शोधकर्ताओं और सामुदायिक भागीदारों को एक मंच पर लाकर वायु प्रदूषण के बढ़ते स्वास्थ्य प्रभावों पर चर्चा करना और सामूहिक रूप से स्थायी समाधान तैयार करना था।



इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त (न्यायालय) अमनइंदर कौर ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब सरकार के नेतृत्व में जिला प्रशासन वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके तहत गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वायु केवल एक पर्यावरणीय चिंता नहीं बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए संयुक्त प्रयास किए जाने चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु और प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने जमीनी स्तर पर सहयोगात्मक कार्रवाई के महत्व पर भी जोर दिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने लंग केयर फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने में हम सभी को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए इस सत्र के दौरान, वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों को समझना, पर्यावरणीय गिरावट को सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों से जोड़ना, जालंधर के गांवों से प्राप्त सर्वेक्षण परिणामों की प्रस्तुति, अमृतसर में जागरूकता और क्षमता निर्माण प्रयासों से सीखे गए सबक, सामुदायिक सहभागिता और जमीनी स्तर पर समाधान विकसित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इससे पहले, पंजाब (डीएफसीए) के मानद अध्यक्ष डॉ. पी. एस. बख्शी और लंग केयर फाउंडेशन के संस्थापक न्यासी डॉ. राजीव खुराना ने स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने के लिए फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अंशिका कंसल, रितविका मामानिया और डॉ. सोनाली वोहरा ने अपने विचार साझा किए। इस दौरान, गांवों में आयोजित क्षेत्रीय सर्वेक्षण गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले युवा छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम शुभी अंगरा, सहायक आयुक्त ( जी ) बदलदीन, साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# मान सरकार राज्य के खेल माहौल को बदलने के लिए प्रतिबद्ध : विधायक सुखानंद

### जालंधर में 4 दिवसीय सब-जूनियर स्टेट रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू





**» प्रथम न्यूज । जालंधर**
**20 मई ( डोगरा )**

पंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम में 4 दिवसीय पंजाब स्टेट सब-जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का आज शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 22 मई तक चलेगी।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक एवं पंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रधान सरदार अमृतपाल सिंह सुखानंद ने किया। इस मौके पर विधायक सुखानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के खेल माहौल को बदलने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य युवाओं को नशों से दूर कर खेलों और अन्य रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पंजाब के इतिहास में पहली बार खेल बजट को 350 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1791 करोड़ रुपये किया गया है, जो खेलों के विकास के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने राज्य में जमीनी स्तर पर बैडमिंटन को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन के प्रयासों की भी सराहना की।

पंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव रितिन खन्ना ने बताया कि टूर्नामेंट को खिलाड़ियों का शानदार समर्थन मिला है। राज्य के 23 जिलों से करीब 400 खिलाड़ियों की 600 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में लड़कों और लड़कियों के कुल 10 इवेंट खेले जा रहे हैं। अगले 4 दिनों में लगभग 500 मैच खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबले 22 मई को होंगे और विजेताओं को नकद पुरस्कार व अन्य आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों और कोचों की सुविधा के लिए खाने-पीने और रिफ्रेशमेंट के विशेष प्रबंध भी किए गए हैं। इस दौरान एसोसिएशन ने राज्य के दो होनहार बैडमिंटन खिलाड़ियों स्वर्गीय मयंक शर्मा और साहिब को भावभीनी श्रद्धांजलि दी, जिनकी अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दुखद मृत्यु हो गई थी। उनकी याद में अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में दो विशेष ट्रॉफियां शुरू की गई हैं।

जालंधर की अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मान्या रहलान को फ्रांस में आयोजित सेंट डेनिस ओपन में कांस्य पदक जीतने पर मुख्य अतिथि द्वारा 31,000 रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डीबीए के कोषाध्यक्ष पलविंदर जुनेजा, हरप्रीत सिंह, जसवंत सिंह, पंजाब मसीह, धीरज शर्मा, सचिन रत्ती, वरुण कुमार सहित बैडमिंटन जगत की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

### लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करें : डिप्टी कमिश्नर

**हीट वेव से बचाव के लिए सावधानियां बरतने की अपील**

**जालंधर, 20 मई ( शिव कुमार )**– डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालिया ने मौसम विभाग द्वारा पंजाब में 24 मई तक हीट वेव (लू) चलने की संभावना को देखते हुए लोगों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी विशेष एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जिलावासी सावधानियां बरतकर ही हीट वेव से बचाव कर सकते है।



श्री वालिया ने कहा कि तेज धूप और गर्म हवाएं मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है, इसलिए लोगों को दोपहर के समय बिना जरूरत बाहर निकलने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर दोपहर के समय बाहर निकलना बहुत जरूरी हो तो सिर को ढककर रखें और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि सिर को सीधी धूप से बचाने के लिए छाता, टोपी, तौलिया, पगड़ी या दुपट्टे का इस्तेमाल करें और नंगे पैर धूप में न जाएं। जिन लोगों को धूप में काम करना पड़ता है, वे शरीर का तापमान सही रखने के लिए थोड़ी देर बाद छांव में आराम करें या सिर पर गीला तौलिया या कपड़ा जरूर रखें। श्री वालिया ने कहा कि हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। शरीर में पानी की कमी को रोकने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें। मौसमी फल और सब्जियां जैसे तरबूज, खरबूजा, अंगूर, खीरा, टमाटर, घीया और तोरी का ज्यादा इस्तेमाल करें, क्योंकि इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। उन्होंने कहा कि ओआरएस, नींबू-पानी, लस्सी, नारियल पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें। डिप्टी कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग को जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में गर्मी से होने वाली बीमारियों के तुरंत इलाज के लिए जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सरकारी कॉलेज गुरदासपुर में एफडीपी का तीसरा दिन : शिक्षा में मूल्यांकन सुधार और मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा




**» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर**
**20 मई ( संदीप सन्नी )**

सरकारी कॉलेज गुरदासपुर में प्रिंसिपल डॉ. अश्वनी कुमार भल्ला के गतिशील नेतृत्व में चल रहा सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम अपने तीसरे दिन भी शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

**उच्च शिक्षा में मूल्यांकन सुधार :** पहले सत्र में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के शिक्षा विभाग की प्रोफेसर डॉ. दीपा सिकंद कौट्ज़ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुईं। उन्होंने "Assessment and Evaluation Reforms in Higher Education" विषय पर विस्तार से चर्चा की।

- डॉ. सिकंद ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत मूल्यांकन प्रणाली को केवल अंकों तक सीमित न रखकर इसे निरंतर, योग्यता-आधारित और कौशल विकास से जोड़ना अनिवार्य है।
- उन्होंने 360 डिग्री मूल्यांकन, कॉम्पिटेंसी मैपिंग और रूब्रिक्स जैसी आधुनिक पद्धतियों के उपयोग पर जोर दिया।
- उन्होंने स्पष्ट किया कि रचनात्मक मूल्यांकन और छात्र-केंद्रित शिक्षा से परीक्षा के तनाव को कम किया जा सकता है।

**विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य :** दोपहर के सत्र में डॉ. गुरदीप सिंह ने Mental Health of Students विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

- उन्होंने विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव के कारणों के रूप में शैक्षणिक दबाव, काम का बोझ और आर्थिक चिंताओं को मुख्य बताया।
- उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे विद्यार्थियों के लिए एक भावनात्मक रूप से सुरक्षित और सहायक वातावरण तैयार करें।
- उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

यह सत्र शिक्षकों को एक खुशहाल और तनावमुक्त शिक्षण वातावरण बनाने की दिशा में नई सोच प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज का समस्त स्टाफ और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### शिक्षकों का मुख्य ध्यान विद्यार्थियों के कौशल विकास पर केंद्रित होना चाहिएः प्रो. सैनी

**» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर**
**20 मई ( संदीप सन्नी )**

सरकारी कॉलेज गुरदासपुर में चल रहे पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफलता के साथ समापन हो गया। इस कार्यक्रम के अंतिम दिन विशेषज्ञों ने शिक्षा प्रणाली में आधुनिक तकनीक, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका और विद्यार्थियों के कौशल विकास की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए।




**शिक्षा में AI और डिजिटल टूल्स की उपयोगिता :** कार्यक्रम के अंतिम दिन के पहले सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. तजिंदरपाल सिंह ने डिजिटल पैडागॉजी और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी टूल्स पर अपना लेक्चर दिया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और लार्ज लैंग्वेज मॉडल (जैसे ChatGPT, Gemini, Claude आदि) शिक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी बना सकते हैं। उन्होंने गूगल नोटबुक एलएम जैसे एआई टूल के उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से शिक्षक ऑडियो और फ्लैशकार्ड जैसे इंटरैक्टिव सोर्स मटेरियल तैयार कर सकते हैं, जिससे छात्रों की भागीदारी बढ़ती है। उन्होंने भविष्य केंद्रित शिक्षा के लिए सोर्सिंग, चैटिंग और क्रिएटिंग के तीन-चरणीय मॉडल को अपनाने की सिफारिश की।

**कौशल विकास और निरंतर सीखने पर जोरः** समापन सत्र में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के एचआरडीसी डायरेक्टर डॉ. बलविंदर सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ. सैनी ने कहा कि उच्च शिक्षा में शिक्षकों का प्राथमिक लक्ष्य विद्यार्थियों के कौशल का विकास होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को लाइफ-लॉन्ग लर्निंग का मंत्र देते हुए खुद को हमेशा अपडेट रखने और शिक्षण की नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सैनी ने व्यक्तिगत और पेशेवर योग्यता को निखारने पर जोर देते हुए कहा कि नवीनतम रणनीतियों के उपयोग से ही छात्र सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय और रुचिपूर्ण बने रह सकते हैं।

**विशिष्ट अतिथियों का सम्मान**

इस अवसर पर डॉ. कंवलजीत सिंह ने भी डिजिटल पैडागॉजी के माध्यम से क्लासरूम में छात्रों की सक्रियता बढ़ाने पर विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अश्वनी कुमार भल्ला, प्रो. राज कुमार और डॉ. जतिंदर सिंह ने मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया। प्रिंसिपल डॉ. भल्ला ने शिक्षण में तकनीक और कौशल-आधारित शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए इस पूरे कार्यक्रम को शिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

## संक्षिप्त न्यूज

### चुनाव के शोर में स्थानीय मुद्दे खत्म

**बीबीएन, 20 मई ( तारा ) :** क्षेत्र में पंचायत चुनावों के चलते स्थानीय कई मुद्दे धुंधले पड़ गए है। जिस प्रकार मौसम में गर्मी जोर पकड़ती जा रही है उसी प्रकार चुनाव का शोर भी बढ़ता जा रहा है।अब स्थानीय मुद्दे भूल गए है एक दूसरे को चुनाव में जिताने के लिए गोटियां फिट करने में लगे है। क्षेत्र का सबसे बड़ा अवैध खनन का मुद्दा भी थम सा गया है। असल मे प्रशासन और पुलिस चुनावो के चलते व्यस्त होने के कारण खनन माफिया ने दिन रात एक कर दिया है। यही नही यह खनन माफिया अपने और धंधे को चमकाने के लिए चुनावो में भी कई पंचायतों में उतरे है। चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बरसा रहे है ताकि प्रधान बनकर क्षेत्र में जो थोड़ी बहुत भूमि बची है उसे निशाना बनाया जा सके। यह माफिया इतना प्रभावशाली है कि इनके सामने लोग बोलते नही है। इसी तरह नशे का कारोबार करने वाले भी दिन प्रतिदिन फलते फूलते जा रहे है। जबकि चुनावो में शराब तो आम बात है लेकिन वोटर को रिझाने को लिए अन्य कई प्रकार के नशे भी प्रयोग मे लाये जा रहे है जो जैसा नशा करता है उसे वही दिया जाता है। इसके अलावा सड़के, पेयजल, स्कूलों में रिक्त पद, स्वास्थ्य सेवाएं सब मुद्दे धुंधले पड गए है। जिला सोलन का बी.बी.एन. क्षेत्र जहां पर सबसे महंगा चुनाव होता है। दून हल्के में दो तीन पंचायते ऐसी है जहां पर एक प्रत्याशी 50 लाख भी पार कर देता है। जिला परिषद के लिए तो कहने ही क्या। इनमें तो चुनाव प्रचार बहुत महंगा होता है।चुनावो में इस बार प्रत्याशियों की बाढ़ सी आई है छोटी छोटी पंचायतों में प्रधान पद के लिए चार से छह तक उमीदवार भाग्य आजमा रहे है। काफी अर्से बाद गर्मियों के मौसम में यह चुनाव हो रहा है 42 डिग्री से अधिक तामपान में प्रत्याशी सारा दिन तपती धूप में वोट मांगने से पीछे नही हट रहे।

### चंडी में जन चेतना कार्यक्रम का किया आयोजन



**चंडी मेहलोग, 20 मई ( तारा )** – गणपति एजुकेशन सोसाइटी कुनिहार की ओर से नंदिनी प्रोजेक्ट के तत्वाधान में वी एस एल एम अध्यापक शिक्षण महाविद्यालय चंडी के सभागार में माहवारी स्वास्थ्य ,स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जन चेतना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते निर्देशक रोशन लाल शर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम नंदिनी प्रोजेक्ट के तहत लर्निंग एंड शेयरिंग थीम पर केंद्रित रहा तथा लघु नाटिका इसमें वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड बद्दी ने भी अपना योगदान दिया। खंड स्वास्थ्य अधिकारी चंडी गुरमेल सिंह ने भी उपस्थित लोगों का मार्ग दर्शन किया। इस मौके पर वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड बद्दी के प्रबंधक वीरेंद्र शर्मा , सी एस आर प्रभारी संदीप गुलेरिया, डॉ दमन आहूजा, कॉलेज के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चंद्र शर्मा ,कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव चंद्र मोहन शर्मा , पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य के के यादव, प्रधानाचार्य राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंडी दर्शन शर्मा, राज मणि शर्मा व एच डी शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पीठासीन व सेक्टर अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

#### *पट्टा का आईटीआई में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ प्रशिक्षण*

**पट्टा मेहलोग, 20 मई ( तारा )** – पंचायत चुनावों के सफल एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने दून के पट्टा स्थित आईटीआई हाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वोटर डे मैनेजमेंट सिस्टम तथा वेल्ट बाक्स ट्रेकिंग सिस्टम संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में 65 पीठासीन अधिकारियों एवं 12 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त वेयरहाउस यूजर्स तथा कंट्रोल रूम प्रभारी भी प्रशिक्षण में उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंस का संचालन सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से किया गया, जिसमें चुनाव प्रक्रिया से जुड़े तकनीकी एवं प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर बीडीओ–कम–रिटर्निंग अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से साझा की गई जानकारी को विस्तारपूर्वक अधिकारियों के समक्ष स्पष्ट किया तथा सिस्टम के प्रभावी उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अब वैलेट पेपर की ट्रैकिंग भी ईवीएम मशीनों की तर्ज पर की जाएगी, जिससे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, निगरानी एवं सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा। अधिकारियों को मतदान दिवस प्रबंधन प्रणाली, सामग्री प्रबंधन एवं ट्रैकिंग प्रणाली के सफल संचालन के लिए आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस मौके पर पट्टा मेहलोग के बीडीओ कुलदीप सिहं भी उपस्थित रहे।






# भाजपा का रहा संस्थान खोलने पर जोर, कांग्रेस गुणात्मक शिक्षा पर कर रही काम: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स में लंबी छलांग पर दी बधाई

**» प्रथम न्यूज । शिमला**
**20 मई ( बी.शर्मा )**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स 2.0 रिपोर्ट में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में हिमाचल प्रदेश को देशभर में छठा स्थान प्राप्त होने पर बधाई दी है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल प्रदेश सात अंकों की छलांग लगाकर 13वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि राज्यों की श्रेणी में हिमाचल प्रदेश तीसरे नम्बर पर है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने 'प्रचेष्टा–2' की प्रतिष्ठित श्रेणी में जगह बनाई है, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ–साथ विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

श्री सुक्खू ने कहा कि यह उपलब्धि वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लाए गए विभिन्न सुधारों, गुणात्मक शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण और स्कूलों में सुविधाओं के विस्तार के कारण संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार का फोकस सिर्फ बिना बजट और बिना स्टाफ के स्कूल खोलने पर रहा, जबकि कांग्रेस सरकार गुणात्मक शिक्षा पर ध्यान दे रही है, ताकि गांव में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी बेहतर शिक्षा मिल सके। राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश के बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना चाहती है, ताकि उनमें आत्मविश्वास की कोई कमी न रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली भाजपा सरकार ने शिक्षा क्षेत्र की अनदेखी की, जिससे प्रदेश में शिक्षा के स्तर में गिरावट आई।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी स्कूलों में पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम आरम्भ कर दिया है। स्कूलों के संसाधनों का बेहतर प्रबंधन किया जा रहा है। प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोला जा रहा है, ताकि बच्चों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षकों को एक्सपोजर विजिट के लिए विदेश भेजा जा रहा है, ताकि वे वहां की शिक्षा व्यवस्था का अध्ययन कर प्रदेश के स्कूलों में बेहतर व्यवस्थाएं लागू कर सकें। इसके अलावा मेरिट में आने वाले छात्रों को भी विदेश भ्रमण पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के पदों को प्राथमिकता के आधार पर भर रही है, ताकि शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के 156 विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न से संबद्ध किया जा रहा है, जिनमें कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकायों की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। राज्य सरकार के इस कदम से आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में और सुधार आएगा।

उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में आवश्यक शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को बेहतरीन शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वचनबद्ध है तथा भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार जारी रखेगी, ताकि प्रदेश के युवाओं को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर न जाना पड़े।

# उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया विकास खंड मैहला का दौरा

## बैलेट पेपर लिखने संबंधी कार्य के अलावा स्ट्रांग रूम तथा काउंटिंग हॉल का भी किया निरीक्षण





**» प्रथम न्यूज । चंबा**
**20 मई ( एएम नाथ )**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने आज विकास खंड मैहला का दौरा कर पंचायत चुनावों से संबंधित तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया तथा पंचायत चुनावों से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बैलेट पेपर लिखने संबंधी कार्य को निर्धारित समय अवधि के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त में कहा कि बैलेट पेपर लिखने के कार्य को तीव्रता के साथ पूर्ण करते हुए कार्य की गुणवत्ता तथा शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी कार्यालय मैहला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मैहला तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला मैहला में जाकर बैलेट पेपर लिखने संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मैहला में बनाए गए स्ट्रांग रूम तथा काउंटिंग हॉल का भी विस्तृत जायजा लिया।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मैहला डॉक्टर बशीर ने जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत करवाया कि विकास खंड मैहला में बेल्ट पेपर लिखने का कार्य 19 मई से आरंभ किया गया है तथा इसे 22 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

# पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन के दृष्टिगत 'ड्राई डे' के सम्बन्ध में आदेश

**» प्रथम न्यूज । सोलन**
**20 मई ( बी.शर्मा )**

सोलन ज़िला में 26, 28 तथा 30 मई, 2026 को आयोजित होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन एवं मतगणना के दृष्टिगत ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा द्वारा नियमानुसार निर्धारित अवधि के लिए 'ड्राई डे' घोषित करने के सम्बन्ध में आदेश जारी किए गए हैं।

इन आदेशों के अनुसार 26, 28 तथा 30 मई, 2026 को पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन एवं मतगणना के दृष्टिगत सम्बन्धित क्षेत्रों में मतदान एवं मतगणना तिथि को 'ड्राई डे' घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत समितियों और ज़िला परिषद सदस्यों की मतगणना 31 मई, 2026 को होने के दृष्टिगत भी 'ड्राई डे' रहेगा।

उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के लिए निर्धारित समय से 48 घण्टे पूर्व एवं मतगणना दिवस पर किसी होटल, खान–पान के स्थान, मदिरालय, दुकान अथवा किसी सार्वजनिक या निजी स्थान पर किसी भी प्रकार के मादक द्रव्यों तथा मदिरा एवं अन्य नशीले पदार्थों का वितरण एवं विक्रय नहीं किया जा सकेगा।

आदेशों की अवहेलना पर विधि सम्मत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि विकास खण्ड सोलन की ग्राम पंचायत भोजनगर, डांगरी, दयोठी, हरिपुर, जाडली, जौणाजी, क्कड़हट्टी, नौणी मझगांव, नेरी कलां, शमरोड, सुल्तानपुर, धार बखुना तथा मनसार में 26 मई, 2026 को मतदान होगा।

उन्होंने कहा कि विकास खण्ड सोलन की ग्राम पंचायत अन्हेच, बडोग, धरोट, जाबल झमरोट, काबा कलां, कोठों, मशीवर, ओच्छघाट, पट्टा बरावरी, रणो, सलोगड़ा, सपरुन तथा तोप की बेड़ में 28 मई, 2026 को मतदान होगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विकास खण्ड सोलन की ग्राम पंचायत आंजी, बसाल, भारती, बोहली, चामत भड़ेच, चेवा, कोरों, पराग, सन्होल, सेर बनेड़ा, सेरी, शडियाणा तथा शामती में 30 मई, 2026 को मतदान होगा।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्यों, उप प्रधान तथा प्रधान के पदों के लिए मतगणना सम्बन्धित तिथि को मतदान के तुरंत उपरांत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन सभी के मतगणना परिणाम मतगणना के तुरंत उपरांत जारी कर दिए जाएंगे। ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने कहा कि पंचायत समितियां तथा ज़िला परिषद सदस्यों की मतगणना 31 मई, 2026 को प्रातः 09.00 बजे से सम्बन्धित खण्ड मुख्यालयों पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन परिणाम मतगणना दिवस पर सम्बन्धित खण्ड मुख्यालयों में घोषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ज़िला परिषद सदस्यों के मतगणना परिणाम हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 75 (1द्व) के प्रवाधानों अनुरूप घोषित किए जाएंगे।

# हिमाचल में विकास पर पूर्ण विराम, फिर कांग्रेस को वोट क्यों दे जनता : जयराम ठाकुर

## *कहा, व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर अभी भी विकास पर ताला लगा रही सुक्खू सरकार*

**» प्रथम न्यूज । मंडी**
**20 मई ( एएम नाथ )**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला परिषद रोड वार्ड के शिल्हीबागी, शिवाखड्डु, बागाचनोगी और भाटकीधार में भाजपा समर्थित प्रत्याशी शिव चंद के पक्ष में सघन जनसंपर्क, प्रचार एवं एक नुक्कड़ जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखे हमले बोले। जयराम ठाकुर ने कहा कि साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी व्यवस्था परिवर्तन का खोखला नारा देने वाली सुक्खू सरकार जनहित में नए संस्थान खोलने के बजाय पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए संस्थानों पर ताले लगाने पर अड़ी हुई है, जिससे पूरे प्रदेश में विकास कार्यों पर पूर्ण विराम लग गया है। उन्होंने आपदा प्रबंधन के मोर्चे पर सरकार को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि प्रदेश में बरसात का मौसम फिर से दस्तक देने वाला है, लेकिन सरकार पिछले साल आपदा के दौरान सड़कों पर गिरा मलबा तक हटाने में नाकाम रही है। ग्रामीण रूटों पर चलने वाली बसें आज भी बंद हैं और सड़कों की दुर्दशा के कारण ग्रामीणों को भारी सामान अपनी पीठ पर लादकर ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।





नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्होंने अपने 28 वर्षों के राजनीतिक सेवाकाल में हमेशा जनता की मांग पर गांव–गांव तक सड़कें पहुंचाकर लोगों की पीठ का बोझ कम करने का प्रयास किया, लेकिन वर्तमान सरकार एक साल में मलबे की सफाई तक नहीं करवा पाई है। उन्होंने जनता से सीधा सवाल किया कि उन्हें विकास करने वाली सरकार चाहिए या विकास पर ताला लगाने वाली सरकार, क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारें विकास की गति को तेज करने के लिए चुनी जाती हैं, न कि सब कुछ बंद करने के लिए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर भाई–भतीजावाद का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी खजाना केवल कुछ खास मित्रों पर लुटाया जा रहा है, जबकि भाजपा विधायकों के क्षेत्रों और स्वयं कांग्रेस के ही विरोधी गुट के विधायकों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है, जिसका खामियाजा कांग्रेस को हालिया स्थानीय निकाय चुनावों में भुगतना पड़ा है।

निकाय चुनावों के परिणामों का ब्योरा देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश की जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत दिया है, जिसके तहत भाजपा ने 25 नगर परिषदों में से 18 पर और 22 नगर पंचायतों में से 13 पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इन परिणामों से कांग्रेस के भीतर और मुख्यमंत्री के विरोधी गुट में भारी खलबली मची हुई है, जिसे छुपाने के लिए मुख्यमंत्री आगामी पंचायत चुनावों को देखते हुए झूठे दावे पेश कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं और कांग्रेस हाईकमान को खुश करने के लिए मीडिया में रोज फर्जी आंकड़े परोस रहे हैं। उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ घोषणा की कि आगामी 31 मई को होने वाले चारों नगर निगमों– मंडी, पालमपुर, धर्मशाला और सोलन के चुनावों में भी भाजपा अपनी जीत का परचम लहराएगी।

जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री को जमीनी हकीकत समझने की सलाह देते हुए कहा कि झूठी गारंटियां देने और लगातार झूठ बोलने की आदत के कारण प्रदेश की जनता का कांग्रेस पार्टी से पूरी तरह विश्वास उठ चुका है, जनता ने सरकार के खिलाफ अपना स्पष्ट जनादेश सुना दिया है और अब इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का पूरा मन बना चुकी है, जिसका स्पष्ट संकेत सराज की जनता के भारी उत्साह और अटूट समर्थन से मिल रहा है कि पंचायती राज चुनावों में भी भाजपा जनसेवा, विकास और मजबूत नेतृत्व के संकल्प के साथ निरंतर जनता के विश्वास पर खरी उतरते हुए एक नया इतिहास रचेगी।

### प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर राहुल गांधी का बयान उनकी हताशा और कुंठा का प्रतीक

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान उनकी राजनीतिक हताशा और कुंठा का स्पष्ट प्रतीक है। लगातार चुनावी पराजयों और जनता के बीच घटते जनाधार से परेशान कांग्रेस और उसके नेताओं ने अब मर्यादाओं को ताक पर रखकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे नेताओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग शुरू कर दिया है।

भारतीय जनता पार्टी इस तरह की ओछी राजनीति की कड़ी निंदा करती है। देश की जनता विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति के साथ खड़ी है, जबकि कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने और अनर्गल बयानबाजी करने में लगी हुई है।

# राज्यपाल ने कांगड़ा जिला के गुजरेडा में राजकीय प्राथमिक पाठशाला का दौरा किया

**» प्रथम न्यूज । शिमला**
**20 मई ( बी.शर्मा )**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज कांगड़ा जिला के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुजरेडा का दौरा किया। उन्होंने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ संवाद किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, मूलभूत सुविधाओं तथा दूर–दराज क्षेत्रों के विद्यालयों और विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों के संबंध में जानकारी हासिल की। विद्यार्थियों के साथ आत्मीयता के साथ बातचीत करते हुए उन्हें समर्पण एवं आत्मविश्वास के साथ शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं। उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए राज्य के दुर्गम एवं ग्रामीण विद्यालयों में शैक्षिक आधारभूत अधोसंरचना को और सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का समाधान कर प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बेहतर कक्षाओं, स्वच्छता सुविधाओं, डिजिटल शिक्षण संसाधनों तथा सरकारी ग्रामीण विद्यालयों में अनुकूल शैक्षणिक वातावरण की आवश्यकता पर भी बल दिया। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) 2.0 तथा पीजीआई–डी 2024–25 रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर रहा है तथा प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में देश में छठा स्थान तथा राज्यों की श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।



राज्यपाल ने अधिकारियों के साथ उपलब्ध संसाधनों और मानव बल के सर्वोत्तम उपयोग के लिए विद्यालयों के रणनीतिक समूह की अवधारणा पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के उपाय शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान करने तथा इस क्षेत्र में प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने में सहायक साबित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रगतिशील समाज के निर्माण में शिक्षा उल्लेखनीय भूमिका निभाती है। उन्होंने शिक्षकों से युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया। उन्होंने कठिन एवं दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर शिक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# हरियाणा श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति की ओर अग्रसर, 2030 तक 15,500 मीट्रिक टन शहद उत्पादन का लक्ष्य-मुख्यमंत्री

## श्री नायब सिंह सैनी ने भावांतर भरपाई योजना के तहत किसानों के खातों में 1.02 करोड रूपये की राशि की जारी





» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
20 मई ( मुकेश डोलिया )

विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर पंचकूला स्थित रेड बिशप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य को श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति की ओर ले जाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा सरकार ने मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए विशेष नीति बनाई है। इस नीति के तहत वर्ष 2030 तक मधुमक्खी पालकों की संख्या 7,750 तथा शहद उत्पादन 15,500 मीट्रिक टन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मधुमक्खी पालन केवल शहद उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किसानों की आय बढ़ाने, रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत माध्यम बन चुका है। राज्य सरकार द्वारा मधुमक्खी पालकों को बक्सों, कॉलोनियों और उपकरणों पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ ही मधुमक्खी पालन को भावांतर भरपाई योजना में शामिल कर शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलो तय किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 30 किसानों के खातों में 1.02 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी जारी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मधुमक्खियां कृषि और पर्यावरण की रीढ़ हैं। फसलों में परागण की प्रक्रिया को बढ़ावा देकर ये उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने किसानों से सरसों, सूरजमुखी, कपास, बरसीम तथा फल-सब्जियों की खेती के साथ मधुमक्खी पालन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने चिंता जताई कि कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग, प्रदूषण, जंगलों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण मधुमक्खियों की संख्या घट रही है, जो मानव जीवन के लिए भी खतरे का संकेत है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि कुरुक्षेत्र के रामनगर में इजरायली तकनीक पर आधारित देश का पहला एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र स्थापित किया गया है, जहां किसानों को प्रशिक्षण, शहद प्रसंस्करण और विपणन की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इस केंद्र में अब तक लगभग 800 टन शहद का व्यापार हो चुका है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्राकृतिक और जैविक खेती को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में 11 प्रगतिशील मधुमक्खी पालकों को सम्मानित किया गया तथा बागवानी विभाग की पुस्तक हरियाणा स्ट्राइड्स अहेड इन हॉर्टिकल्चर का विमोचन भी किया गया।

संक्षिप्त न्यूज

## प्राचार्य भीमसेन ने किया बुनियाद केन्द्र के नए सत्र का शुभारंभ



**इस्माईलाबाद ( सुनील कोमल )** शहीद बलबीर सिंह गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित बुनियाद केन्द्र में कक्षा नौवीं के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकल्प फाउंडेशन, रेवाड़ी एवं स्कूल शिक्षा विभाग, पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में औषधीय पौधा भी लगाया गया।

विद्यालय के प्राचार्य भीमसेन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि विकल्प फाउंडेशन द्वारा सुपर-100 एवं बुनियाद परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष कोचिंग प्रदान की जाती है, जिससे विद्यार्थी भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले में लाडवा, कुरुक्षेत्र, शाहाबाद, पिहोवा और इस्माईलाबाद सहित कुल पांच बुनियाद केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

वाइस प्रिंसिपल एवं मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि बुनियाद केन्द्र ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन एवं मेहनत के साथ पढ़ाई करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य को निर्धारित कर निरंतर प्रयास करें, ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान विकल्प फाउंडेशन के संस्थापक नवीन कुमार मिश्रा तथा जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र विनोद कौशिक के निर्देशानुसार विद्यालय प्रांगण में औषधीय पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर बुनियाद सेंटर कोऑर्डिनेटर दीपक काजल, सेंटर कोऑर्डिनेटर मीनू, बीआरपी कोमल, मंजू यादव, नवनीत सांगवान, रचना सक्सेना, प्राइमरी इंचार्ज सुशील कुमार, राजविंद्र कौर सांगवान, सुदेश कुमारी, रेणु बाला तथा बुनियाद कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## लिवासा अस्पताल ने उच्च रक्तचाप पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया



**चंडीगढ़ ( जगमीत घुम्मन )**- उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, लिवासा अस्पताल, मोहाली द्वारा आज सीपी 67 मॉल में एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान, लोगों को शीघ्र निदान, निवारक स्वास्थ्य देखभाल, जीवनशैली में बदलाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया।

स्वस्थ हृदय और स्वस्थ जीवन की थीम पर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, साथ ही युवाओं को कम उम्र से ही स्वास्थ्य और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को समझने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, कार्डियक साइंसेज चेयरमैन- लिवासा अस्पताल डॉ एचके बाली ने कहा, कई लोग जटिलताएं उत्पन्न होने तक उच्च रक्तचाप से अनजान रहते हैं। रक्तचाप की नियमित निगरानी, स्वस्थ जीवनशैली की आदतें और समय पर चिकित्सा परामर्श गंभीर हृदय रोगों के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं। जागरूकता और रोकथाम हमारे सबसे मजबूत हथियार हैं।

सीईओ-लिवासा अस्पताल अनुराग यादव ने कहा, इस तरह की सामुदायिक जागरूकता पहलों के माध्यम से, हमारा उद्देश्य लोगों को सही ज्ञान से सशक्त बनाना और निवारक स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है जो स्वस्थ समुदायों के निर्माण में मदद कर सकती हैं।

## राजोंद क्षेत्र में दुकान से नकदी व मोबाइल चोरी में आरोपी काबू



**कैथल, 20 मई ( कृष्ण गर्ग )**- अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार राजोंद क्षेत्र में स्थित एक दुकान से नगदी व मोबाइल चोरी करने के मामले की जांच थाना राजोंद पुलिस के एचसी देवेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी राजौंद निवासी सुमित कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राजोंद निवासी नीतीश कुमार की शिकायत अनुसार उसकी राजोंद में पेगां रोड़ पर मेडिकल की दुकान हैं।

18 मई को दिन में अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके दुकान का ताला तोड़कर 12 हजार रुपये नगदी, एक मोबाइल व खाता डायरी चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना राजोंद में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से एक खाता डायरी, 2 हजार रुपये व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई। आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## वार्ड 13 में जय भगवान शर्मा डीडी ने किया नए पेयजल ट्यूबवैल का उद्घाटन, वार्ड वासियों ने जताया आभार

» प्रथम न्यूज । पिहोवा
20 मई ( मुकेश डोलिया )



नगर पालिका के वार्ड नंबर 13 में पीने के पानी की सप्लाई के लिए नया पेयजल ट्यूब्वेल स्थापित किया गया। भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने ट्यूबवेल का उद्घाटन करते हुए इसे जन सेवा में समर्पित किया । जय भगवान शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 10 करोड रुपए की राशि जारी की थी। जिसके तहत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में पेयजल ट्यूबवेल लगाई जा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 13 में भी आज नए ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण होने पर इस जन सेवा के लिए समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पेयजल, सड़क शिक्षा व चिकित्सा जैसे जनहित के मुद्दों को ध्यान में रखकर निरंतर विकास कार्य करवा रही है। सरकार की विकासकारी नीतियों के तहत पंचायत व वार्ड स्तर पर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में दर्जनों की संख्या में पेयजल बोर स्थापित किए गए। जिससे प्रत्येक घर को पीने का पानी उपलब्ध हुआ है। वार्ड नंबर 13 के पार्षद महंत दीपक प्रकाश ने कहा कि एक ट्यूबवेल होने के चलते वार्ड के अधिकतर घरों में पीने के पानी की किल्लत हो रही थी। पुराना बाजार के ऊंचाई वाले क्षेत्र में कम पानी पहुंच रहा था । जिसे देखते हुए जय भगवान शर्मा डीडी के प्रयास से नया बोरवेल लगाने का कार्य पूरा किया गया । अब क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या नहीं रहेगी । उन्होंने वार्ड वासियों की तरफ से मुख्यमंत्री नायब सैनी और जय भगवान शर्मा का आभार व्यक्त किया।

नगर पालिका के प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी और जय भगवान शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका क्षेत्र में दर्जनों विकास कार्य तेज गति से जारी हैं। कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट विचाराधीन है। जिनसे आने वाले समय में शहर को बेहद फायदा होने वाला है । इस अवसर पर महंत दीपक प्रकाश पार्षद वार्ड नंबर 13, सुरेंद्र ढींगरा नपा उपप्रधान प्रतिनिधि, एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग, जेई भूपेंद्र, रविकांत कौशिक पार्षद, विजयदीप डंग पार्षद, विक्की वर्मा पार्षद, विकास चोपड़ा पार्षद, गगन टांक पार्षद, दलजीत सिंह प्रतिनिधि पार्षद, हनु चक्रपाणि, बलविंदर गुर्जर, सुकेश तनेजा, सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## थाना सीवन पुलिस द्वारा घर से सामान चोरी मामले में एक अन्य आरोपी काबु, 2 आरोपी पहले किए जा चुके काबू



**कैथल, 20 मई ( कृष्ण गर्ग )**- संपत्ती विरूद्ध अपराधियों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए घर से सामान चोरी मामले में थाना सीवन पुलिस के एसआई जयभगवान की अगुवाई में एएसआई सुरेश कुमार की टीम द्वारा आरोपी सीवन निवासी श्रवण कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन निवासी महिला चरण कौर की शिकायत अनुसार 5 मई की रात को अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर बर्तन, टुंटियां, इन्वर्टर बैटरी व 15 हजार रुपये चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना सीवन में मामला दर्ज कर लिया गया। उक्त मामले में पहले ही 2 आरोपी सीवन निवासी सुखविंद्र सिंह व मोनू को गिरफ्तार करके पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपियों से पूछताछ दौरान खुलासा हुआ कि उन्होंने चोरीशुदा सामान कबाड़ी की दुकान करने वाले आरोपी श्रवण को बेच दिया था। आरोपी श्रवण के कब्जे से बैटरी व बर्तन बरामद कर लिए गए। सभी आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

## नवनियुक्त सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर माइकल का ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने किया भव्य स्वागत, कर्मचारियों के हितों की रक्षा का दिया भरोसा

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
20 मई ( पुनीत महाजन )

ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एवं एम.सी. एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के प्रतिनिधिमंडल ने आज कन्वीनर सुरमुख सिंह के नेतृत्व में नवनियुक्त सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर पब्लिक हेल्थ स्व्हृष्ट ॥श्वरुसे शिष्टाचार मुलाकात कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर MICHEL ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे विभाग एवं कर्मचारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी के साथ बेहतर समन्वय और सहयोग की भावना से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं, मांगों एवं विभागीय मुद्दों के समाधान के लिए सकारात्मक सोच के साथ प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा, ताकि विभाग में बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित हो सके। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के कन्वीनर सुरमुख सिंह ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं विभाग की बेहतरी के लिए कमेटी हमेशा प्रशासन के साथ मिलकर रचनात्मक भूमिका निभाती रहेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर के नेतृत्व में विभाग में पारदर्शिता, सहयोग और विकास को नई दिशा मिलेगी।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में राजा राम, सुरमुख सिंह, जगमोहन सिंह, कुलदीप सिंह, कमल कुमार, याद राम, सतनाम सिंह, सरवन डोगरा, अश्वनी कुमार, महीपाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## चंडीगढ़ प्रशासन का रवैया ईस्ट इंडिया कंपनी जैसा, टैक्स की मार से जनता त्रस्त : राजबीर सिंह भारतीय

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
20 मई ( पुनीत महाजन )



सिटी ब्यूटीफुल की बदहाली और प्रशासनिक तानाशाही पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी राजबीर सिंह भारतीय ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज चंडीगढ़ में ईस्ट इंडिया कंपनी जैसा दौर लौट आया है, जहाँ जनता से पानी, बिजली और प्रॉपर्टी टैक्स के नाम पर अंधाधुंध वसूली तो की जा रही है, लेकिन बदले में उन्हें सिर्फ बुनियादी सुविधाओं का अभाव और मानसिक प्रताड़ना मिल रही है।

सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बावजूद जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी के कारण शहर की व्यवस्था आईसीयू (ICU) पर आ गई है। श्री भारतीय ने जनता की आवाज बुलंद करते हुए निम्नलिखित प्रमुख मुद्दे उठाए:

**दूषित पानी व स्मार्ट मीटर :** मनीमाजरा 24×7 पायलट प्रोजेक्ट फेल साबित हुआ है। लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं और स्मार्ट मीटर लगाकर बिलों में बेतहाशा बढ़ोतरी की जा रही है।

**वेंटिलेटर पर स्वास्थ्य व शिक्षा:** GMCH-32, GMSH-16 और मनीमाजरा सिविल अस्पतालों में डॉक्टरों व बुनियादी ढांचे की भारी कमी है। सरकारी स्कूलों का स्तर गिर रहा है और निजी स्कूलों की मनमानी जारी है।

**ध्वस्त सफाई व सुरक्षा :** मनीमाजरा सहित पूरे शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। टूटी सड़कें, सीवरेज ओवरफ्लो, डंपिंग ग्राउंड और आवारा पशुओं का आतंक है। स्नैचिंग और साइबर क्राइम बढ़ने से सुरक्षा भगवान भरोसे है।

**बेरोजगारी :** सरकारी विभागों में हजारों पद खाली पड़े हैं, जिससे युवा सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं।

राजबीर सिंह भारतीय ने प्रशासन से सीधे सवाल किया कि करोड़ों की टैक्स वसूली और पेड पार्किंग के बावजूद जनता को जलभराव और टूटी सड़कें क्यों परोसी जा रही हैं उन्होंने मांग की कि बढ़े हुए टैक्स तत्काल कम किए जाएं, अस्पतालों की हालत सुधारी जाए, युवाओं को रोजगार दिया जाए और सड़कों की युद्ध स्तर पर री-कारपेटिंग हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अफसरशाही ने खुद को कमाई का जरिया समझना बंद न किया, तो जनता लोकतांत्रिक तरीके से कड़ा कदम उठाने को मजबूर होगी।

## थाना शहर पुलिस द्वारा सटोरिया काबू, 16220 रुपये नकदी बरामद

**कैथल, 20 मई ( कृष्ण गर्ग )**- सट्टा खाईवाली का धंधा करने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत थाना शहर पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 16220 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एएसआई सुभाष सिंह की टीम को रात्रिकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की नानकपुरी कॉलोनी कैथल निवासी एक व्यक्ति मकान पर सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस द्वारा तत्परता व मुस्तैदी का परिचय देकर योजनाबद्ध तरीके से उक्त स्थान पर दबिश देकर वहां सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी नानकपुरी कॉलोनी कैथल निवासी अशोक कुमार को काबू कर लिया गया। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से 16220 रुपये सट्टा राशि बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## कोऑर्डिनेशन कमेटी का डेलीगेशन माननीय डीसी को मिला

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
20 मई ( पुनीत महाजन )



आज रिवाइज डीसी रेट्स में रह गई त्रुटियों पर की चर्चा कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एम सी इंप्लाईज एंड वर्कर्स यूटी चंडीगढ़ का डेलिगेशन माननीय डीसी निशांत कुमार यादव को मिला तथा कोऑर्डिनेशन कमेटी के सुझावो को कंसीडर करते हुए साल 2026..2027 के लिए डीसी रेट्स में 8त्न की गई बढ़ोतरी तथा तजुर्बे को आधार मान कर 2त्न अतिरिक्त दिए गए लाभ के लिए माननीय डीसी का धन्यवाद किया डेलीगेशन ने रिवाइज्ड डीसी रेट्स में रह गई त्रुटियों को भी माननीय डीसी साहिब के सामने उठाया।

सर्विस ब्रेक के मसले को उठाते हुए माननीय डीसी को बताया गया कि टेंडर लगने में देरी के कारण सर्विस में ब्रेक अक्सर पड़ जाती है। माननीय डीसी ने भरोसा दिया कि इस बात को कलेरीफाई किया जाएगा कि टेंडर लगने में हुई देरी को ब्रेक इन सर्विस नहीं माना जाएगा।

उन्हों ने यह भरोसा भी दिलाया कि अगले साल के डीसी रेट्स में होर भी सुधार किया जाएगा ता जो लंबी सेवाएं देने वाले वर्करों को ज्यादा लाभ मिल सके। डेलीगेशन में महासचिव राकेश कुमार के इलावा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बलविंदर सिंह पाबला के इलावा राजिंदर सिंह, सुखविंदर सिंह,राजीदेरन,टॉपलेन,हरदीप सिंह, अशोक बेनीवाल,हरदीप सिंह,आदि शामल थे।

## पद्म पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं ऑनलाइन नामांकन : विश्राम कुमार मीणा

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र
20 मई ( बृज मोहन )



विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2027 के लिए पद्म पुरस्कारों हेतु नामांकन और सिफारिशें आमंत्रित की हैं। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री जैसे देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की घोषणा 26 जनवरी 2027 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। इन पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भेजे गए नामांकन ही स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति और संस्थाएं निर्धारित प्रारूप में अपनी सिफारिशें भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कार कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, व्यापार, उद्योग तथा लोक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किए जाते हैं। विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन और समाज के कमजोर वर्गों से जुड़े प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान कर उनके नामांकन भेजने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि नामांकन में संबंधित व्यक्ति की उपलब्धियों और जनसेवा का स्पष्ट उल्लेख हो। उपायुक्त ने कहा कि योग्य और प्रेरणादायक व्यक्तियों को सम्मानित करने से पद्म पुरस्कारों की गरिमा और प्रतिष्ठा और अधिक बढ़ेगी।

आज का

# संपादकीय

# पंजाब का युवा और विदेशों का सपना

## क्या बेरोजगारी पंजाब की सबसे बड़ी सामाजिक चुनौती बन चुकी है?

**› पंजाब का युवा अब खेतों में नहीं, बल्कि एयरपोर्ट की कतारों में अपना भविष्य खोज रहा है।**

**› किसी भी प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा शक्ति होती है। यदि युवा ही पलायन करने लगें, तो विकास की रफ्तार रुक जाती है।**



**महेश रहेजा**
मुख्य कार्यकारी- नेशनवाइड यूथ एसोसिएशन
महासचिव - जर्नलिस्ट प्रेस क्लब

पंजाब कभी देश की समृद्धि, खेती और मेहनतकश युवाओं की पहचान हुआ करता था। लेकिन आज वही पंजाब एक नए संकट से जूझ रहा है – बेरोजगारी और विदेश जाने की बढ़ती होड़। गांवों से लेकर शहरों तक, लगभग हर घर में एक ही चर्चा सुनाई देती है – बेटे को ष्टड्डठ्ठड्डस्त्रड्ड भेजना है, ढ्ढश्वरुञ्जस् की तैयारी चल रही है या विदेश में ही भविष्य सुरक्षित है।

यह केवल एक ट्रेंड नहीं, बल्कि पंजाब की बदलती सामाजिक और आर्थिक मानसिकता का संकेत है।

*› जब अपने ही प्रदेश में अवसर कम दिखने लगें, तब युवा दूसरे देशों में भविष्य तलाशने लगते हैं।*

### शिक्षा बढ़ी, अवसर घटे

पिछले कुछ वर्षों में पंजाब में शिक्षित युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। डिग्रियां तो मिल रही हैं, लेकिन रोजगार के अवसर उसी गति से नहीं बढ़ पाए। सरकारी नौकरियों की सीमित संख्या, निजी क्षेत्र में कम वेतन और उद्योगों के धीमे विकास ने युवाओं को निराश किया है।

स्थिति यह है कि कई युवा स्नातक और परास्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद भी रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में विदेश जाना उन्हें बेहतर विकल्प प्रतीत होता है।

### विदेश अब सपना नहीं, मजबूरी बनता जा रहा है

एक समय था जब विदेश जाना केवल संपन्न परिवारों तक सीमित था। आज मध्यमवर्गीय और गरीब परिवार भी कर्ज लेकर अपने बच्चों को विदेश भेज रहे हैं। कई परिवार जमीन बेच रहे हैं, बैंक से लोन ले रहे हैं या रिश्तेदारों से उधार लेकर बच्चों का भविष्य विदेश में बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

युवाओं का मानना है कि विदेशों में मेहनत का सम्मान, बेहतर वेतन और जीवन स्तर मिलता है। वहीं पंजाब में उन्हें अस्थिरता और सीमित अवसर दिखाई देते हैं।

### गांवों पर पड़ रहा सामाजिक प्रभाव

विदेश जाने की इस दौड़ का असर पंजाब के सामाजिक ढांचे पर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। गांवों में बुजुर्ग माता-पिता अकेले रह गए हैं। कई घर वर्षों तक बंद पड़े रहते हैं। रिश्तों में दूरी बढ़ रही है और पारिवारिक व्यवस्था कमजोर हो रही है।

इसके साथ-साथ युवाओं में यह मानसिकता भी विकसित हो रही है कि सफलता केवल विदेश जाकर ही प्राप्त की जा सकती है। यह सोच धीरे-धीरे पंजाब की स्थानीय अर्थव्यवस्था और आत्मविश्वास दोनों को कमजोर कर रही है।

### क्या केवल सरकार जिम्मेदार है?

बेरोजगारी का समाधान केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज, शिक्षा व्यवस्था और उद्योग जगत की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि पंजाब में उद्योगों को बढ़ावा मिले, स्टार्टअप संस्कृति विकसित हो, तकनीकी शिक्षा मजबूत बने और युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जाए, तो स्थिति में सुधार संभव है।

***सरकार को चाहिए कि नए उद्योग स्थापित करे***

- युवाओं के लिए skill development योजनाएं बढ़ाए
- कृषि के साथ वैकल्पिक रोजगार विकसित करे
- छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहन दे

### समाधान पंजाब में ही मौजूद है

पंजाब के युवाओं में प्रतिभा, मेहनत और साहस की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल सही दिशा और अवसर देने की है। यदि राज्य में रोजगार, उद्योग और आधुनिक शिक्षा पर गंभीरता से काम किया जाए, तो वही युवा जो आज विदेश जाना चाहता है, कल पंजाब की प्रगति का आधार बन सकता है।

### निष्कर्ष

विदेश जाना गलत नहीं है, लेकिन यदि पूरा समाज ही अपने भविष्य के लिए दूसरे देशों पर निर्भर होने लगे, तो यह चिंता का विषय अवश्य है। पंजाब को जरूरत है ऐसी नीतियों और वातावरण की, जहां युवा अपने ही प्रदेश में सम्मानजनक रोजगार और सुरक्षित भविष्य देख सकें।

आज समय की मांग है कि पंजाब केवल विदेश भेजने वाला राज्य नहीं, बल्कि अवसर पैदा करने वाला राज्य बने।

# कानून व्यवस्था पर बदली राजनीति

## अपराधियों पर सख्त कार्रवाई बना नया मॉडल

उत्तर प्रदेश में आज कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री की सख्त कार्यशैली पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। अपराधियों और माफिया तत्वों के खिलाफ लगातार हो रही कार्रवाई को सरकार जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा बताती है। हालांकि प्रदेश की राजनीति का एक लंबा दौर ऐसा भी रहा है, जब अपराध केवल कानून-व्यवस्था का मामला नहीं था, बल्कि सत्ता, जातीय समीकरण और राजनीतिक मजबूरियों से जुड़ा हुआ विषय बन चुका था। उस समय अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई होने पर राजनीतिक विवाद खड़े हो जाते थे और कई बार अधिकारियों पर भी दबाव बनाया जाता था।



वर्ष 1994 में कुख्यात गैंगस्टर महेंद्र फौजी का एनकाउंटर उस दौर की राजनीति और कानून-व्यवस्था की सबसे चर्चित घटनाओं में शामिल रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब तक फैले आपराधिक नेटवर्क वाला महेंद्र फौजी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती माना जाता था। अप्रैल 1994 में बुलंदशहर पुलिस ने मुठभेड़ में उसे मार गिराया। पुलिस के लिए यह एक बड़ी सफलता थी, लेकिन इसके तुरंत बाद राजनीतिक हलकों में विवाद शुरू हो गया।

बताया जाता है कि उस समय अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्ता के भीतर ही मतभेद पैदा हो गए थे। बुलंदशहर के तत्कालीन एसएसपी रहे का तबादला कर दिया गया। बाद में उन्होंने सार्वजनिक मंचों पर कहा था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उनसे साफ शब्दों में कहा था कि अगर उन्हें नहीं हटाया गया तो सरकार पर संकट आ सकता है। इस घटना ने उस दौर की राजनीति में अपराध और सत्ता के रिश्तों को लेकर बड़े सवाल खड़े किए थे।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उस समय प्रदेश की राजनीति में जातीय समीकरणों का प्रभाव काफी ज्यादा था। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को कई बार राजनीतिक नजरिये से देखा जाता था। यही कारण था कि पुलिस प्रशासन पर भी दबाव की स्थिति बन जाती थी। इससे कानून-व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों का मनोबल प्रभावित होता था।

समय के साथ उत्तर प्रदेश में अपराध और राजनीति के गठजोड़ की चर्चा लगातार बढ़ती गई।, और विकास दुबे जैसे नाम लंबे समय तक राज्य की राजनीति और कानून-व्यवस्था के केंद्र में रहे। कई मामलों में इन अपराधियों पर राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप भी लगते रहे। सदन से लेकर सड़क तक कानून-व्यवस्था को लेकर बहस होती रही और विपक्षी दल एक-दूसरे पर अपराधियों को संरक्षण देने के आरोप लगाते रहे।

वर्ष 2017 में सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य सरकार ने अपराध और माफिया नेटवर्क के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान शुरू किया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासन को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सरकार ने इसे माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश अभियान का नाम दिया। गैंगस्टर एक्ट, राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) और अवैध संपत्तियों की जब्ती जैसी कार्रवाइयों को तेज किया गया।

साल 2023 में प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। इस मामले में के परिवार और गैंग का नाम सामने आया। घटना के बाद विधानसभा में मुख्यमंत्री ने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। यह बयान राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर काफी चर्चित रहा। इसके बाद राज्य में कई माफिया नेटवर्क पर कार्रवाई हुई और अवैध संपत्तियों को ध्वस्त किया गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में हजारों पुलिस मुठभेड़ें हुईं। इनमें बड़ी संख्या में अपराधियों की गिरफ्तारी हुई, जबकि कई अपराधी घायल हुए या मारे गए। सरकार का दावा है कि 75 से अधिक बड़े माफिया की हजारों करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियां जब्त या ध्वस्त की गई हैं।

हालांकि विपक्षी दल इन कार्रवाइयों को लेकर समय-समय पर सवाल भी उठाते रहे हैं। कुछ राजनीतिक दलों ने पुलिस मुठभेड़ों और बुलडोजर कार्रवाई को लेकर मानवाधिकार संबंधी चिंताएं भी जताई हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार का कहना है कि कानून का पालन सभी के लिए समान रूप से किया जा रहा है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में अब कानून-व्यवस्था एक बड़ा चुनावी मुद्दा बन चुका है। पहले जहां राजनीति जातीय समीकरणों और क्षेत्रीय प्रभावों के इर्द-गिर्द घूमती थी, वहीं अब सख्त प्रशासन और कानून का राज भी राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आ गए हैं। महेंद्र फौजी से लेकर अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी तक की घटनाएं उत्तर प्रदेश की बदलती राजनीतिक और प्रशासनिक सोच को दर्शाती हैं। एक दौर वह था, जब अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई राजनीतिक संकट बन जाती थी, जबकि आज सरकार अपराध पर सख्ती को अपनी बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है। यही बदलाव उत्तर प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था में आए परिवर्तन को स्पष्ट रूप से दिखाता है।

**उत्तर प्रदेश में अपराध और राजनीति के गठजोड़ की चर्चा लंबे समय तक होती रही, लेकिन अब कानून-व्यवस्था पर सख्ती नया राजनीतिक मॉडल बन चुकी है। महेंद्र फौजी एनकाउंटर से लेकर और पर कार्रवाई तक, राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। मुख्यमंत्री की 'जीरो टॉलरेंस नीति' को सरकार कानून का राज स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम मानती है।**

# 300 साल बाद भारत लौटा चोल साम्राज्य का शाही खजाना :

## नीदरलैंड्स से आई 30 किलोग्राम की मुहर और 21 तांबे की प्लेटें





300 साल पहले फिरंगियों द्वारा लूटा गया चोल साम्राज्य का 30 किलो का शाही खजाना आखिरकार 16 मई 2026 को भारत वापस लौट आया है। नीदरलैंड्स में डच पीएम की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद इन ऐतिहासिक 21 ताम्रपत्रों को स्वीकार किया। 11वीं सदी के इन शिलालेखों पर चोल वंश की शाही मुहर लगी है और इस पर संस्कृत व तमिल में राजा राजा चोल के आदेश दर्ज हैं।

ये ताम्र-पत्र महान राजेंद्र चोल प्रथम द्वारा अपने पिता, राजा राजराज प्रथम के एक मौखिक वचन को औपचारिक रूप देने से संबंधित हैं। ये चोलों की महानता को भी दर्शाते हैं। हम भारतीय चोलों, उनकी संस्कृति और उनकी समुद्री शक्ति पर अत्यंत गर्व करते हैं।

भारत सरकार साल 2012 से ही इन प्राचीन शिलालेखों को वापस लाने के लिए लगातार कोशिशें कर रही थी। नीदरलैंड्स में इन्हें लेडेन प्लेट्स और भारत में अनाइमंगलम कॉपर प्लेट्स के नाम से जाना जाता है। लगभग 30 किलोग्राम वजनी इन 21 तांबे की प्लेटों को एक विशाल कांसे की अंगूठी (ब्रॉन्ज रिंग) से आपस में जोड़ा गया है, जिस पर चोल साम्राज्य की आधिकारिक शाही मुहर लगी है। भारतीय सीमाओं से बाहर चोल राजवंश का यह अब तक का सबसे महत्वपूर्ण जीवित रिकॉर्ड माना जाता है।

अनैमंगलम ताम्रपट्टिकाए यानी कॉपर प्लेट्स, असल में शाही आदेशों का एक विशाल समूह हैं, जो मध्यकाल के दौरान जमीनों के मालिकाना हक के आधिकारिक दस्तावेज के रूप में काम करती थीं। इस ऐतिहासिक कृति में 21 बड़ी और 3 छोटी तांबे की चादरें शामिल हैं, जो तांबे की एक विशाल गोलाकार अंगूठी से आपस में बंधी हुई हैं। इस अंगूठी पर स्थायी रूप से आधिकारिक चोल मुहर लगी होती है. इस पर एक बैठा हुआ बाघ बना है, जो चोल शासन का प्रतीक है। दो मछलियां हैं, जो जीते गए पांड्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं. इसके साथ ही एक धनुष भी है, जो चेर राजवंश का प्रतीक है। एक शाही छत्र भी बना हुआ है।

इन शिलालेखों में प्राचीन भारतीय शासन व्यवस्था के धर्मनिरपेक्ष आदर्शों की एक अद्भुत झलक मिलती है। इनमें लिखे गए ग्रंथों को बहुत ही बारीकी से दो अलग-अलग हिस्सों में विभाजित किया गया है, जिसमें संस्कृत और तमिल दोनों भाषाओं में विवरण मौजूद हैं। ये ताम्रपत्र एक परम हिंदू सम्राट राजा राजा चोल प्रथम के शासनकाल की कहानी बयां करते हैं, जिन्होंने एक बौद्ध मठ को चलाने के लिए राजस्व बंदोबस्त (राजस्व अनुदान) को मंजूरी दी थी।

राजा राजा चोल प्रथम ने शुरुआत में केवल एक मौखिक आदेश दिया था, जिसे सबसे पहले बेहद कमजोर और नाजुक ताड़ के पत्तों पर दर्ज किया गया था। लेकिन जब उनके पराक्रमी बेटे राजेंद्र चोल प्रथम ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने पिता के इस मौखिक वादे को हमेशा के लिए अमर करने का फैसला किया। उन्होंने इस अनुदान के पूरे विवरण को मजबूत तांबे की प्लेटों पर उकेरने का आदेश दिया ताकि यह समय की मार को झेल सके। इन प्लेटों के यूरोप पहुंचने की कहानी 1700 के दशक में शुरू हुई थी। फ्लोरेंटियस कैंपर नाम का एक ईसाई मिशनरी इन्हें अपने साथ नीदरलैंड्स ले गया था। वह उस दौर में भारत में तैनात था जब नागापट्टिनम का तटीय शहर डच औपनिवेशिक नियंत्रण में था।



**शशि पाल**
प्रवक्ता इतिहास

# जब खुशी के आंसुओं का सैलाब बह निकला



**नरेन्द्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार

खुशी के आंसुओं का सैलाब बहने लगाज जब आज पहली बार किसी ने उसका अच्छा किया। उसने तो उम्र भर दूसरों के लिए अपना जीवन लगा दिया था। जीवन जो उसने दूसरों को दे दिया उसका नाम कभी अखबारों में नहीं आया। उसकी तस्वीरें किसी मंच पर नहीं टंगीं।

पर गली के उस कोने में, जहाँ उसकी बस्ती थी, हर घर में उसका नाम लिया जाता था–वही लड़का, जो मदद कर देता है।गाँव का वो लड़का, जो खुद फटे कुर्ते में स्कूल जाता था, पर दोस्त की फीस भर देता था। वो भाई, जिसने अपनी नौकरी की पहली तनख्वाह से बहन की शादी का इंतज़ाम किया, और खुद एक पुराने जूते में तीन साल निकाल दिए। वो बेटा, जिसने माँ के इलाज के लिए अपना सपना गिरवी रख दिया, और कभी शिकायत नहीं की। वो पड़ोसी, जो आधी रात को किसी के घर का दरवाज़ा खटखटाकर कहता था–दवा ला दिया, अब आराम करो।लोग उसे 'सेल्फलेस' कहते थे। पर कोई नहीं जानता था कि 'सेल्फलेस' होना कितना स्वार्थी हो जाता है–क्योंकि धीरे-धीरे तुम खुद को ही भूल बैठते हो। तुम्हारी अपनी इच्छाएँ, तुम्हारे अपने आंसू, तुम्हारी अपनी थकान–सब पीछे छूट जाती हैं।

तुम्हारी पहचान बस इतनी रह जाती है–वो मददगार है।

उसने दिया, और देता रहा।

समय दिया, जब उसके पास समय नहीं था।

पैसा दिया, जब उसकी जेब खाली थी।

नींद दी, जब उसकी आँखों में खुमारी थी।

हँसी दी, जब उसका अपना दिल भारी था।

बदले में उसे मिला–ठीक है, कर ही देता है वो।

एक धन्यवाद तक नहीं।

एक बार भी किसी ने नहीं पूछा–तुम थक तो नहीं गए?

एक बार भी किसी ने नहीं कहा–आज तुम आराम करो।

और आदमी धीरे-धीरे पत्थर हो जाता है।

ऊपर से शांत, भीतर से रेगिस्तान।

जहाँ न कोई नदी बहती है, न कोई फूल खिलता है।

बस धूल उड़ती है, और वो धूल निगलता रहता है।

**2. वो दिन जब दुनिया थम गई**

फिर आज हुआ।

कुछ बड़ा नहीं हुआ।

न लॉटरी लगी, न प्रमोशन मिला, न कोई चमत्कार हुआ।

बस इतना हुआ कि ऑफिस से निकलते-निकलते बारिश आ गई।

वो छाता भूल गया था।

वो सोच रहा था–कोई बात नहीं, भीग जाऊँगा। आदत है।

तभी पीछे से आवाज़ आई–रुको।

उसका जूनियर खड़ा था। हाथ में एक अतिरिक्त छाता।

उसने कहा–सर, ये ले लीजिए। मैं स्कूटर से हूँ, भीग लूँगा। आप पैदल हैं।

बस इतना ही।

पर उस एक वाक्य में, उस एक इशारे में, सालों का बर्फ़ पिघल गया।

उसने छाता लिया नहीं, जैसे किसी ने उसकी इज्ज़त लौटा दी हो।

उसने आँखें नीची कर लीं।

क्योंकि अचानक उसे याद आया–कब से किसी ने उसके लिए नहीं सोचा था?

कब से किसी ने उसे 'सर' नहीं, 'इंसान' समझा था?

उसने घर तक का रास्ता पैदल नहीं चला।

वो जैसे हवा में चल रहा था।

हर बूंद जो छाते पर गिर रही थी, वो उसकी छाती पर गिर रही थी।

और भीतर कुछ टूट रहा था।

घर पहुँचकर उसने दरवाज़ा बंद किया।

किसी को कुछ नहीं बताया।

बस बिस्तर पर बैठ गया।

और फिरज

खुशी के आंसुओं का सैलाब बह निकला।

**3. आंसुओं का अर्थ**

हमने आंसुओं को हमेशा कमज़ोरी का नाम दे दिया।

जैसे ही आँखें भरें, लोग पूछते हैं–क्या हुआ? कौन दुखा गया?

मानो आंसू का एक ही अर्थ हो–टूट जाना।

पर सच ये है कि आंसू भाषा से पहले की भाषा हैं।

शब्द जहाँ खत्म हो जाते हैं, वहीं से आंसू बोलने लगते हैं।

आज जो आंसू बहे, वो दर्द के नहीं थे।

ये वो आंसू थे जो बरसों से सूखी मिट्टी पर पहली बूंद गिरने पर आते हैं।

ये वो आंसू थे जो कैदी को तब आते हैं जब पहली बार खुली हवा लगती है।

ये वो आंसू थे जो उस बच्चे के आते हैं जो सालों बाद माँ की गोद में जाता है।

उसने लोगों के लिए अपना जीवन लगा दिया था।

उसने कभी हिसाब नहीं रखा कि किसने क्या लौटाया।

पर भीतर कहीं एक बच्चा था, जो अब भी इंतज़ार कर रहा था कि कोई एक बार कहे–तुम्हारे लिए भी कोई है।

आज वो बच्चा रो पड़ा।

खुशी से।

क्योंकि उसे पहली बार एहसास हुआ कि देना ही सब कुछ नहीं होता।

लेना भी ज़रूरी होता है–ताकि लगे कि तुम अकेले नहीं हो।

**4. देने और लेने का संतुलन**

हमारी संस्कृति में 'देना' को धर्म बना दिया गया।

दान करो, सेवा करो, त्याग करो।

सब सही है।

पर हमने ये भूल दिया कि इंसान केवल देने की मशीन नहीं है।

उसके भीतर भी एक हृदय है, जिसे कभी-कभी भरना पड़ता है।

जो लोग दूसरों के लिए जीते हैं, वो सबसे अकेले होते हैं।

क्योंकि सबको लगता है–इसे तो कोई तकलीफ़ नहीं होती।

और धीरे-धीरे वो खुद भी मानने लगते हैं–शायद मुझे तकलीफ़ नहीं होनी चाहिए।

पर तकलीफ़ होती है।

थकान होती है।

खालीपन होता है।

और जब कोई आकर कहता है–आज तुम आराम करो, मैं कर लूँगा–

तो वो खालीपन एक झटके में भर जाता है।

आज उसके साथ वही हुआ।

एक जूनियर की एक छोटी-सी हरकत ने उसे याद दिला दिया कि वो केवल 'सहारा' नहीं है।

वो भी किसी का 'सहारा' बन सकता है।

**5. नेकी का असली फल**

सोचते हैं कि नेकी का फल स्वर्ग में मिलेगा।

पर कभी-कभी नेकी का फल इसी जीवन में, इसी धरती पर, किसी एक पल में मिल जाता है।

जब कोई बिना कहे तुम्हारी थकान समझ ले।

जब कोई बिना मांगे तुम्हारा बोझ बाँट ले।

जब कोई तुम्हें याद रखे, जब तुम खुद को भी भूल चुके हो।

उस दिन उसने समझा–

जीवन सिर्फ देने का नाम नहीं है।

जीवन उस पल का भी नाम है जब तुम खुद को किसी की आँखों में पाते हो।

जब तुम्हें लगता है–हाँ, मेरी भी कोई कीमत है।

खुशी के आंसू सैलाब बनकर बहे।

क्योंकि वो आंसू केवल आंसू नहीं थे।

वो उन सारे दिनों का जवाब थे जो उसने बिना शिकायत के गुज़ार दिए।

वो उन सारी रातों का सुकून थे जो उसने दूसरों के लिए जागकर काट दीं।

वो उन सारी 'कोई बात नहीं' का प्रतिशोध थे जो उसने खुद से कहे थे।

**6. एक नई शुरुआत**

उस रात वो सोया नहीं।

छत की तरफ देखता रहा।

और सोचता रहा–शायद अब मुझे भी खुद के लिए जीना सीखना होगा।

ये स्वार्थ नहीं है।

ये संतुलन है।

जिस दीपक में तेल ही नहीं बचेगा, वो दूसरों को उजाला कैसे देगा?

जिस कुएँ में पानी ही सूख जाए, वो प्यासों को कैसे बुझाएगा?

उसने ठान लिया–अब वो दूसरों के लिए भी जीएगा, और थोड़ा-सा खुद के लिए भी।

थोड़ी-सी हँसी खुद के लिए।

थोड़ी-सी नींद खुद के लिए।

थोड़ा-सा समय खुद के लिए।

क्योंकि जब तुम खुद से प्रेम करोगे, तभी तुम्हारा प्रेम सच्चा होगा।

**7. अंत में**

आज वो पल था।

आज पहली बार किसी ने उसका अच्छा किया।

और पहली बार, वो खुद पर रो पड़ा–खुशी से।

शायद यही जीवन का सबसे बड़ा सच है–

जो लोग दूसरों के लिए जीते हैं, उन्हें एक दिन ऐसा पल ज़रूर मिलता है

जब कोई उनके लिए जी उठता है।

और उस पल में, सारे त्याग, सारी थकान, सारी अनसुनी रातें–

सब सार्थक लगने लगती हैं।

खुशी के आंसुओं का सैलाब बह निकला।

क्योंकि आज उसे याद आया–

वो अकेला नहीं है।

वो भी किसी का है।

वो भी किसी के लिए मायने रखता है।

और शायद, बस इतना ही काफी होता है– जीने के लिए।



## संक्षिप्त न्यूज

### पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की मजबूत कड़ी : जीतराम कटवाल

**बिलासपुर, ( जितेंद्र गौतम ) :** झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की मजबूत कड़ी हैं और गांवों तक विकास पहुंचाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन का माध्यम नहीं, बल्कि गांवों के विकास और लोगों की भागीदारी को मजबूत करने का अवसर भी है।

जिला परिषद के जांगला वार्ड से भाजपा समर्थित प्रत्याशी अनूप महाजन तथा रोहल वार्ड से प्रत्याशी जरनैल सिंह चंदेल के समर्थन में आयोजित चुनाव प्रचार के दौरान विधायक ने गालियां, समोह, गेहड़वीं, डाहड और बाला पंचायतों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल मैदान और सामुदायिक भवनों सहित अनेक विकास कार्य हुए हैं, जो धरातल पर दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गांवों तक विकास पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपनी चुनावी गारंटियां पूरी करने में विफल रही है।

जीतराम कटवाल ने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेल मैदान, जिम और खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि युवा सही दिशा में आगे बढ़ सकें।

### मामलों को आपसी सहमति से निपटाने का मौका

#### समाधान समारोह के तहत होगी लोक अदालत, 31 मई तक करें आवेदन

**चम्बा ( एएम नाथ )-** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण चम्बा एकांश कपिल ने बताया कि आम लोगों को सुलभ न्याय उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 21 अप्रैल से समाधान समारोह-2026 अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत विभिन्न मामलों का निपटारा आपसी सहमति, संवाद एवं मध्यस्थता के माध्यम से किया जा रहा है। लंबित मामलों को समाधान समारोह, विशेष लोक अदालत 2026 में शामिल करने के लिए एक सरल गूगल फॉर्म तैयार किया गया है जो सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट https://www.sci.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक पक्षकार दिए गए लिंक https://forms.gle/pRWbif6wAPrcgMsZ8 के माध्यम से फॉर्म भरकर अपने मामले को इस विशेष लोक अदालत में शामिल करवा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालतों के आयोजन के साथ इस अभियान का समापन होगा। एकांश कपिल ने बताया कि किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए समाधान समारोह के वन स्टॉप सेंटर के दूरभाष नंबर 011-23115652 एवं 011-23116464 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सीआरपी निदेशक से 011-23116465 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### जिला चम्बा की 319 ग्राम पंचायतों में तीन चरणों में होंगे पंचायती राज चुनाव

**चम्बा, 20 मई ( एएम नाथ ) :** मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज सामान्य निर्वाचन 2026 के तहत जिला चम्बा की 319 ग्राम पंचायतों में चुनाव प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न करवाई जाएगी। जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण का मतदान 26 मई को होगा, जिसमें जिला की 118 पंचायतों में मतदान प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दूसरे चरण का मतदान 28 मई को 116 पंचायतों में आयोजित होगा, जबकि अंतिम एवं तृतीय चरण का मतदान 30 मई को 85 पंचायतों में संपन्न कराया जाएगा। इन चुनावों में जिला के सभी सात विकास खंडों चम्बा, भरमौर, तीसा, मैहला, पांगी, सलूणी और भटियात की पंचायतें शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और स्थानीय प्रशासन में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायतों की भूमिका बेहद अहम होती है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

मुकेश रेपसवाल ने जिला के सभी पात्र मतदाताओं, विशेषकर युवाओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। उन्होंने मतदाताओं से बिना किसी भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया।

जिला प्रशासन ने चुनावों के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि मतदाता सुगमता से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।



# शिक्षा मंत्री ने किया दो दिवसीय द ट्रिब्यून एजु एक्सपो 2026 का शुभारम्भ

## छात्रों और अभिभावकों को उच्च शिक्षा, करियर विकल्पों एवं विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के बारे में मिलेगी जानकारी

» प्रथम न्यूज । शिमला
20 मई ( बी.शर्मा )

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान, मॉल रोड पर 20 एवं 21 मई 2026 को卐द ट्रिब्यून एजु एक्सपो शिमला 2026卐 का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन मेले का शुभारम्भ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया। यह एक्सपो सुबह 11ः00 बजे से शाम 7ः00 बजे तक चलेगा।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि इस तरह के एजुकेशन एक्सपो बच्चों के लिए मददगार साबित होते हैं। प्रदेश में बहुत से नामी विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे है।

आज हमारा देश तकनीक और आधुनिकता के लिए दुनिया में अपनी अलग पहचान रखता है। आज के समय में इंडस्ट्री में किस प्रकार के कोर्स बेहतर रोजगार मुहैया करवा सकते है, यह ज्ञान देने में शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका हो जाती है। आज डिजिटल और एआई के दौर में बच्चों को कौशल युक्त शिक्षा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा के बाद कौन से कोर्स बच्चों के लिए उपलब्ध रहेंगे, इसके बारे में इस तरह के एक्सपो में गहन ज्ञान मिलता है। उन्होंने कहा कि इस एजु एक्सपो में देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि छात्रों और अभिभावकों को उच्च शिक्षा, करियर विकल्पों एवं विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के बारे में जानकारी देंगे। कार्यक्रम में काउंसलिंग विशेषज्ञ प्रतिदिन विद्यार्थियों को कैरियर चयन



संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एजु एक्सपो में सम्मानित किया गया। आयोजकों के अनुसार यह मंच विद्यार्थियों को अपने भविष्य की दिशा तय करने, विभिन्न शैक्षणिक अवसरों को समझने और विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का अवसर प्रदान करेगा।

एजु एक्सपो में चितकारा यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी पंजाब, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, शूलिनी यूनिवर्सिटी, सीजीसी लांडरां, आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, बाहरा यूनिवर्सिटी, श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी तथा महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी सहित कई प्रमुख संस्थान भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। अधिक जानकारी के लिए आयोजकों द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

निदेशक उच्च शिक्षा डॉ हरीश शर्मा, महाप्रबंधक द ट्रिब्यून अमित शर्मा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

इन्हें किया सम्मानित

इस अवसर पर हाल ही घोषित हुए कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिणामों में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 150 विद्यार्थियों को शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इन छात्रों में गरिमा, अनमोल ठाकुर, मानवी, भानवी शर्मा, सृष्टि वर्मा, मानविका पंवर, राशेल, जाह्नवी, मनीषा कुमारी, अंजली, सायना, स्मृति, भ्रनीत कौर, वंशिका, रिधिमा डोगरा, अदिति, अंजली, अप्सरा चौहान, शायशा, सानवी सूद, शिवम ठाकुर, अवनी शर्मा और पायल आदि शामिल रहे।

# सरकारी अस्पताल सेवा के केंद्र होते हैं, कमाई के अड्डे नहीं : राकेश जमवाल

» प्रथम न्यूज । शिमला
20 मई ( बी.शर्मा )

राकेश जमवाल ने आईजीएमसी में मरीजों और तीमारदारों के भोजन के दाम बढ़ाने के फैसले पर प्रदेश सरकार और अस्पताल प्रशासन की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जनता को हर स्तर पर आर्थिक बोझ तले दबाने का काम कर रही है और अब अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले गरीब मरीजों को भी राहत नहीं मिल रही।

राकेश जमवाल ने कहा कि पहले हिमकेयर योजना और सहारा योजना के लाभार्थियों को परेशान किया गया, फिर अस्पतालों में टेस्ट और जांचों के शुल्क बढ़ाए गए और अब मरीजों के भोजन को महंगा कर दिया गया है। उन्होंने आरोप



लगाया कि सरकार ने सेवा से जुड़े हर क्षेत्र को कमाई का जरिया बना दिया है।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जैसे सरकारी अस्पताल गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की अंतिम उम्मीद होते हैं। यहां इलाज के लिए आने वाले परिवार पहले ही दवाइयों, जांचों और रहने-खाने के खर्च से परेशान रहते हैं। ऐसे में भोजन के दाम बढ़ाना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने राजनीतिक कार्यक्रमों और तामझाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, जबकि गरीब मरीजों को दो वक्त का सस्ता भोजन भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार हर वर्ग से उगाही करने में लगी हुई है। राकेश जमवाल ने मांग की कि आईजीएमसी में मरीजों और तीमारदारों के भोजन के बढ़ाए गए दाम तुरंत वापस लिए जाएं तथा गरीब मरीजों के लिए राहत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा इस जनविरोधी फैसले का विरोध जारी रखेगी और जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी।

# कांग्रेस सरकार किसानों पर डाल रही आर्थिक बोझ : सुरेश कश्यप

» प्रथम न्यूज । शिमला
20 मई ( बी.शर्मा )

ने प्रदेश सरकार द्वारा डीएपी और एनपीके खाद पर दी जा रही ?50 प्रति बोरी अतिरिक्त सब्सिडी बंद किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे किसानों के साथ विश्वासघात बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण प्रदेश के किसानों और बागवानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश के किसान पहले ही प्राकृतिक आपदाओं, बढ़ती उत्पादन लागत, महंगे डीजल-पेट्रोल, मजदूरी संकट और मौसम की मार से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में खाद पर मिलने वाली राहत समाप्त करना किसानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि डीएपी और एनपीके खाद की कीमत में ?50 प्रति बोरी की बढ़ोतरी से खेती की लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर लाखों किसान परिवारों पर पड़ेगा।



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने किसानों को राहत देने की बजाय उनकी परेशानियां बढ़ाने का काम किया है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसानों को अतिरिक्त सब्सिडी देकर राहत प्रदान की जाती थी ताकि खेती लाभकारी बनी रहे, लेकिन वर्तमान सरकार सुविधाएं छीनने में लगी हुई है। सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा कृषि और बागवानी पर आधारित है तथा लगभग 9 लाख किसान परिवार इससे जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं दिख रही। उन्होंने यह भी कहा कि कई सहकारी समितियों और कृषि केंद्रों में समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही, जिससे किसान सीजन के दौरान परेशान हो रहे हैं।

उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि खाद पर दी जा रही ?50 प्रति बोरी सब्सिडी तुरंत बहाल की जाए तथा किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाई जाए।

# जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा में मनाया गया विश्व मेट्रोलॉजी दिवस

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
20 मई ( जितेंद्र गौतम )

विश्व मेट्रोलॉजी दिवस के अवसर पर मंगलवार को में विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को माप विज्ञान यानी मेट्रोलॉजी के महत्व, वैज्ञानिक उपयोगिता तथा दैनिक जीवन में इसकी भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपायुक्त राहुल कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व मेट्रोलॉजी दिवस की थीम मापनः नीति निर्माण में विश्वास का निर्माण रखी गई है। उन्होंने कहा कि माप-तौल प्रणाली हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माप की एकरूपता व्यापार, विज्ञान, उद्योग और तकनीक को मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि सटीक मापन किसी





भी नीति निर्माण, उपभोक्ता संरक्षण तथा वैज्ञानिक प्रगति की आधारशिला होता है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन बिलासपुर उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने व्यापारियों और उपभोक्ताओं से अपील की कि वे विधिक माप विज्ञान से जुड़े नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विभाग को सूचित करें। उन्होंने कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान विभाग ने बताया कि विश्व मेट्रोलॉजी दिवस प्रतिवर्ष 20 मई को वर्ष 1875 में पेरिस में हुए मीटर कन्वेंशन की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि माप विज्ञान का उपयोग डिब्बाबंद वस्तुओं की मात्रा, भूमि मापन, पेट्रोल-डीजल, दूध की मात्रा, आभूषणों की शुद्धता, स्वास्थ्य जांच, पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक अनुसंधान जैसे अनेक क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान विधिक माप विज्ञान विषय पर क्विज प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इसके अतिरिक्त कक्षा छठी के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स की भी विशेष सराहना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।







# जिला परिषद भत्तल्ला वार्ड में भाजपा समर्थित विजय कुमार मजबूत दावेदार, अनुभव बना सबसे बड़ा हथियार

## विकास और अनुभव के दम पर आगे बढ़ रहे विजय कुमार, भत्तल्ला में मुकाबला रोचक

» प्रथम न्यूज । शाहपुर
20 मई ( एएम नाथ )

जिला परिषद कांगड़ा के भत्तल्ला वार्ड में चुनावी सरगर्मियां लगातार तेज होती जा रही हैं। जैसे-जैसे मतदान का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक माहौल भी पूरी तरह गर्माता दिखाई दे रहा है। हालांकि चुनाव मैदान में छह प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन स्थानीय राजनीतिक चर्चाओं और जनसमर्थन को देखते हुए मुख्य मुकाबला भाजपा समर्थित विजय कुमार और कांग्रेस प्रत्याशी संदीप कुमार गोगी के बीच माना जा रहा है।

भत्तल्ला वार्ड से जिला परिषद उम्मीदवार भाजपा समर्थित विजय कुमार इस चुनाव में सबसे मजबूत और अनुभवी उम्मीदवार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। क्षेत्र में उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और जनसंपर्क का लाभ उन्हें मिलता दिखाई दे रहा है। विजय कुमार पहले पंचायत प्रधान और ब्लॉक समिति अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी मजबूत पकड़ मानी जा रही है। लोगों का कहना है कि विजय कुमार ने अपने पूर्व कार्यकालों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी और आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से उठाया। विजय कुमार को पारिवारिक राजनीतिक अनुभव का भी लाभ मिल रहा है। उनकी माता भी इसी वार्ड से जिला परिषद सदस्य रह चुकी हैं, जिससे परिवार की क्षेत्र में अलग पहचान और मजबूत जनाधार माना जा




रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान विजय कुमार लगातार पंचायतों का दौरा कर रहे हैं और लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। उनके समर्थकों का दावा है कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, बिजली और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर उन्होंने हमेशा सक्रिय भूमिका निभाई है। हालांकि भाजपा के भीतर कुछ मतभेदों की चर्चाएं भी सामने आई हैं और केवल कुमार शर्मा के मैदान में उतरने से वोट विभाजन की संभावनाओं पर चर्चा हो रही है, लेकिन इसके बावजूद विजय कुमार का जनसंपर्क और संगठनात्मक पकड़ उन्हें बढ़त दिलाती नजर आ रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं का एक बड़ा वर्ग खुलकर उनके समर्थन में प्रचार अभियान चला रहा है।

दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी संदीप कुमार गोगी पहली बार चुनाव मैदान में हैं और युवा चेहरे के रूप में लोगों के बीच पहुंच बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं अन्य प्रत्याशियों में मोहिंदर सिंह, जोगिंदर सिंह, केवल कुमार शर्मा और ओम प्रकाश भी चुनावी मैदान में सक्रिय हैं।

भत्तल्ला वार्ड की पंचायतों में इन दिनों चुनावी बैठकों, जनसंपर्क अभियानों और प्रचार गतिविधियों का दौर लगातार जारी है। मतदाताओं को लुभाने के लिए सभी प्रत्याशी विकास और भविष्य की योजनाओं के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल अनुभव, संगठन और जनसमर्थन के आधार पर विजय कुमार को मजबूत स्थिति में देखा जा रहा है।

# श्री नव दुर्गा माता मंदिर खरोटा बरठीं में 34वां विशाल भगवती जागरण संपन्न

**बिलासपुर, ( जितेंद्र गौतम ) :** श्री नव दुर्गा माता मंदिर खरोटा बरठीं में 34वां विशाल भगवती जागरण श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नव दुर्गा सेवा संस्थान रजिस्टर्ड लुधियाना द्वारा मंदिर परिसर में भव्य रूप से किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में डा. राजेंद्र गौतम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने पूजा-अर्चना के बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ज्योति प्रवलित कर जागरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रबंध निदेशक एवं एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सुदर्शन कुमार, पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, डॉ. रमेश चौहान, पूर्णिमा चौहान, अध्यक्ष पूर्ण चंद नैयर, महासचिव विपिन सिंगला, सीनियर ऑर्थो सर्जन हमीरपुर तथा अधीक्षक चमन लाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जागरण में उत्तर भारत के प्रसिद्ध टी-सीरीज कलाकार पम्मी ठाकुर एंड पार्टी नादौन ने मां सरस्वती व गणपति वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने तेरे चरणां दे हेठ, शेरावालिए, चिमटे दी छनकार, हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

इस दौरान नूर जौली एंड पार्टी अमृतसर ने भी विशेष प्रस्तुति दी। कन्या रूप में मां भगवती की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन मां तारा रानी की कथा एवं विशाल भंडारे के साथ हुआ।

इस अवसर पर पंडित सूका राम, सहायक मुख्य पुजारी विवेक कुमार, प्रवीण, सन्नी, राजू सरदार, सर्वण सिंह, ज्ञान चंद शर्मा, हरि ऊं गुप्ता सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।



# कोलकाता ने जीत के साथ पंजाब-राजस्थान का बढ़ाया सिरदर्द, मुंबई को हराकर पूरा किया अपना बदला



गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को हरा दिया है। इस जीत के साथ कोलकाता प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। मुंबई की बल्लेबाजी मुकाबले में फ्लॉप रही और 20 ओवर में 147 रन ही बना सकी, जिसकी वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

कोलकाता ने मुकाबले में जीत के साथ ही मुंबई से अपना बदला पूरा कर लिया है। इससे पहले वानखेड़े में खेले गए मुकाबले में मुंबई ने कोलकाता को हराया था और अब केकेआर ने उस हार का बदला ले लिया है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली टीम ने मैच में 4 विकेट से जीत हासिल की।

## पावरप्ले में चौका

कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो कारगर साबित हुआ। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने स्पिनर अनुकूल रॉय से गेंदबाजी की शुरुआत कराई, हालांकि पहला कमाल तीसरा ओवर डालने आए कैमरन ग्रीन ने किया। उन्होंने पहले शानदार फॉर्म में चल रहे रयान रिकल्टन (06) व उसके बाद नमन धीर (00) को पवेलियन लौटाकर मुंबई को दोहरा झटका दिया।

इसके बाद तेज गेंदबाज सौरभ दुबे ने रोहित शर्मा (15) व सूर्यकुमार यादव (15) को आउट कर मुंबई की परेशानी बढ़ा दी। मुंबई ने इस सत्र में पहली बार पावरप्ले में चार विकेट गंवाए और इसमें मात्र 46 रन ही जोड़ पाई। मुंबई का इस सत्र में यह दूसरा न्यूनतम स्कोर भी है। सबसे कम स्कोर चेन्नई के विरुद्ध 104 रन का है।

## रोहित, सूर्या, हार्दिक सब फ्लॉप

कोलकाता के गेंदबाजों के आगे रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रयान रिकल्टन व हार्दिक पांड्या जैसे धाकड़ बल्लेबाजों की एक न चल पाई। पुछल्ले बल्लेबाज कॉर्बिन बॉश ने अगर 18 गेंदों पर अविजित 32 रनों की पारी न खेली होती तो मुंबई 140 का आंकड़ा भी पार न कर पाती। मुंबई का कोई बल्लेबाज अर्धशतक तक न जड़ पाया। मुंबई की पारी में मात्र 11 चौके व आठ छक्के लगे।

## बारिश ने रोक दी थीं सांसें

कोलकाता में बुधवार दोपहर तक कड़ी धूप निकली हुई थी लेकिन शाम होते-होते आसमान में काले बादल घिरने लगे और बारिश शुरू हो गई। इससे कोलकाता खेमा चिंता में पड़ गया था। कारण बारिश के कारण मैच रद होने पर अंक बांटने पड़ते, जिसका मतलब था, उसका खिताबी दौड़ से बाहर हो जाना। इससे पहले ईडन में पंजाब के विरुद्ध मैच बारिश के कारण धुल चुका था। बारिश के कारण शाम 4.30 बजे तक ईडन की पिच समेत पूरे ग्राउंड को ढंककर रखा गया था। बारिश हालांकि थोड़ी देर बाद रुक गई और मैच निर्धारित समय पर ही शुरू हुआ, हालांकि आठ ओवर का खेल समाप्त होते ही फिर से बारिश शुरू हो गई। कोलकाता टीम फिर चिंता में पड़ गई क्योंकि वह बहुत बेहतर स्थिति में थी। उस वक्त तक मुंबई के 57 रन पर चार विकेट गिर चुके थे, हालांकि इस बार भी बारिश थोड़ी देर में ही रुक गई। करीब एक घंटे के व्यवधान के बाद रात 9.15 बजे खेल फिर शुरू हुआ और ओवर में कोई कटौती नहीं की गई।

## कोलकाता के गेंदबाजों का कमाल

इस करो या मरो का मैच खेलने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स ने सधी हुई गेंदबाजी के बूते मुंबई इंडियंस को आठ विकेट पर 147 रनों पर रोक दिया। कैमरन ग्रीन, सौरव दुबे व कार्तिक त्यागी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो -दो विकेट चटकाए, वहीं सुनील नरेन वरुण चक्रवर्ती ने भी बेहद किफायती गेंदबाजी की। नरेन ने एक विकेट चटकाया।

## कोलकाता की खराब शुरुआत

एमआई के द्वारा दिए गए 148 रनों लक्ष्य के जवाब में कोलकाता ने भी खराब शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज फिन एलन (08), जो शानदार फॉर्म में थे, वे पहले ही ओवर में आउट हो गए। इसके बाद अजिंक्य रहाणे और सीजन का पहला मैच खेल रहे मनीष पांडे ने मोर्चा संभाला। दोनों पारी को आगे बढ़ा रहे थे लेकिन कॉर्बिन बॉश ने रहाणे (21) को अपना शिकार बनाया। केकेआर ने पावरप्ले में 2 विकेट के नुकसान पर 51 रन बना लिए थे।

**कोलकाता ने जीता मुकाबला** - मनीष पांडे सीजन का पहला मुकाबला खेल रहे थे और संकट में फंसी कोलकाता के वो संकटमोचक बने। पांडे अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर से और 45 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद रोवमैन पॉवेल (40) रन बनाकर आउट हो गए। केकेआर ने मैच में 4 विकेट से जीत हासिल की और प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। कोलकाता के लिए रिंकू सिंह ने विनिंग शॉट खेला और 9 रन बनाकर नाबाद रहे।

**पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए मुश्किलें बढ़ी :** पंजाब किंग्स की टीम भी 13 अंकों पर है और कोलकाता के भी उतने ही अंक हो गए हैं। ऐसे में पंजाब को उम्मीद होगी कि कोलकाता अपना आखिरी मैच हारे या फिर उनका रन रेट केकेआर से बेहतर रहे। इसके अलावा राजस्थान की किस्मत उनके हाथों में है लेकिन उन्हें अपना आखिरी मैच जीतना होगा।



# वैभव सूर्यवंशी IPL 2026 में ध्वस्त करेंगे क्रिस गेल का महा-रिकॉर्ड

## दिग्गजों ने की भविष्यवाणी

भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी की रेंज और स्वभाव उन्हें अन्य बल्लेबाजों से अलग करता है और वह आईपीएल के एक सत्र में सर्वाधिक छक्के लगाने का क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

कुंबले ने स्टार स्पो?ट्र्स से कहा कि उन्होंने इस आईपीएल सत्र में अभी तक ही 53 छक्के लगा दिए हैं। एक सत्र में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 59 छक्के लगाए हैं। मुझे लगता है वैभव सूर्यवंशी गेल का रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच सकते हैं।

### अनिल कुंबले ने की जमकर तारीफ

उन्होंने कहा कि बहुत कम बल्लेबाज कवर के ऊपर से इतनी आसानी से छक्के मार सकते हैं, लेकिन सूर्यवंशी ने दिग्वेश राठी के विरुद्ध कई बार ऐसा किया। मुझे खुशी है कि लोगों के पास अब भी ऐसी प्रतिभा का वर्णन करने के लिए शब्द हैं। मेरे पास तो शब्द कम पड़ते जा रहे हैं। यह लड़का बहुत खास है। वह इतनी छोटी उम्र में भी पूरी परिपक्वता दिखाते हैं।

### गेंदबाजों में खौफ पैदा कर रहा है सूर्यवंशी : इरफान

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि वैभव सूर्यवंशी गेंदबाजों के दिलो दिमाग में इस तरह का खौफ पैदा करेंगे जैसा वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल ने अपने चरम पर रहते हुए किया था। इरफान ने जिओ हॉटस्टार से कहा कि उसे रोकना बहुत मुश्किल है। अपनी शुरुआती 10 गेंदों में वह 100 से कम के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहा था और आखिर में उसने सिर्फ 38 गेंदों में 93 रन बनाए। उन्होंने कहा कि वह वास्तव में क्रिस गेल के 59 छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। गेंदबाज होने के कारण हम हमेशा क्रिस गेल का सामना करने से डरते थे। वैभव वही खौफ पैदा कर रहा है। गेल का रिकॉर्ड निश्चित रूप से खतरे में है। भारत के एक अन्य पूर्व खिलाड़ी संजय बांगड़ ने कहा कि उनके पास सूर्यवंशी की प्रतिभा का वर्णन करने के लिए शब्द नहीं हैं। बांगड़ ने कहा कि इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। इस युवा लड़के की प्रतिभा का वर्णन शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उनके कुछ शॉट तो वाकई असाधारण थे। वह जहां भी जाएंगे और जहां भी खेलेंगे, निश्चित रूप से दर्शकों को आकर्षित करेंगे।



# भीषण गर्मी में स्कूल टाइम बदलने की मांग तेज

## शिक्षक संगठनों ने कहा- बच्चों की सेहत से खिलवाड़ न करे सरकार





» प्रथम न्यूज । जालंधर
20 मई ( शिव कुमार )

पंजाब में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के बीच अब स्कूलों का समय बदलने की मांग तेज हो गई है। गवर्नमेंट टीचर्स यूनियन पंजाब के सहायक प्रेस सचिव गणेश भगत और वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह सैणी ने शिक्षा विभाग व शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस से तुरंत स्कूल टाइमिंग बदलने की अपील की है।

### 43 डिग्री तापमान से बच्चे परेशान

यूनियन नेताओं ने कहा कि पंजाब में तापमान लगातार 43 डिग्री तक पहुंच रहा है। दोपहर के समय स्कूलों में छोटे बच्चों को बैठाना उनकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। खासकर नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों को गर्मी ज्यादा प्रभावित कर रही है।

### अभिभावकों में बढ़ी चिंता

अभिभावकों का कहना है कि तेज धूप और उमस के कारण बच्चे घर लौटते समय थकावट, सिरदर्द और कमजोरी महसूस कर रहे हैं। कई माता-पिता ने सरकार से मांग की है कि बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए स्कूल सुबह जल्दी लगाए जाएं।

### अध्यापकों की भी बढ़ी मुश्किलें

शिक्षकों का कहना है कि उन्हें दूर-दराज इलाकों से स्कूल पहुंचना पड़ता है। दोपहर में छुट्टी होने तक गर्मी चरम पर पहुंच जाती है, जिससे सफर करना भी मुश्किल हो रहा है।

### गैर-शैक्षणिक ड्यूटियों से स्कूल व्यवस्था प्रभावित

यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि इस समय बड़ी संख्या में अध्यापकों की ड्यूटी मर्दमशुमारी, ड्रग सर्वे, बीमा कार्ड और नगर निकाय चुनावों में लगाई गई है। इसके कारण स्कूलों में स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है।

कई प्राइमरी स्कूल एकल अध्यापकों के भरोसे चल रहे हैं।





### सुबह 7 से 11 बजे तक स्कूल लगाने की मांग

गणेश भगत और दलजीत सिंह सैणी ने मांग की कि विद्यार्थियों और अध्यापकों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूलों का समय सुबह 7 बजे से 11 बजे तक किया जाए। उनका कहना है कि सरकार को हालात को गंभीरता से लेते हुए तुरंत फैसला करना चाहिए।

# सिद्ध स्वाँखा मेले में आएंगे पंजाबी सूफी गायक कंवर गरेवाल

## 25 जून को शुरू हो रहा मेला, लगातार 8 दिन चलेगा, सांबा के डिप्टी कमिश्नर ने तैयारियों का लिया जायजा





» प्रथम न्यूज । अमृतसर
20 मई ( साहिब दयाल )

अमृतसर (साहिब दयाल) डिप्टी कमिश्नर सांबा आयुषी सूदन ने स्वांखा में होने वाले बाबा चमलियाल और बाबा सिद्ध गोरिया मेले की तैयारियों का जायजा लिया। मीटिंग के दौरान सुरक्षा, सफाई, पीने का पानी, बिना रुकावट बिजली सप्लाई, मेडिकल सुविधाएं, ट्रैफिक मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट सुविधाएं, आग और इमरजेंसी सेवाएं, टूरिज्म को बढ़ावा देने और मेले के दौरान मंदिर आने वाले भक्तों के लिए आम लोगों की सुविधा से जुड़े इंतजामों पर डिटेल में चर्चा हुई।

डीसी ने सभी संबंधित डिपार्टमेंट को दिए गए कामों को समय पर पूरा करने और धार्मिक कार्यक्रम के आसान मैनेजमेंट के लिए करीबी तालमेल बनाए रखने पर जोर दिया। पुलिस डिपार्टमेंट को पक्के सुरक्षा इंतजाम और ट्रैफिक रेगुलेशन के लिए निर्देश दिए गए, जबकि पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट को मंदिर तक जाने वाली सड़कों को बेहतर बनाने और उनका रखरखाव पक्का करने के लिए कहा गया। जल शक्ति डिपार्टमेंट को पानी की सही सुविधा देने और पानी के और पॉइंट लगाने का निर्देश दिया गया जबकि पावर डेवलपमेंट डिपार्टमेंट को मेले के दौरान बिना रुकावट बिजली सप्लाई पक्का करने का निर्देश दिया गया। हेल्थ डिपार्टमेंट को जगह पर चौबीसों घंटे डॉक्टर, एम्बुलेंस और पैरामेडिकल स्टाफ तैनात करने के लिए कहा गया। संबंधित म्युनिसिपल कमेटियों को मंदिर के इलाके में और उसके आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और काफी सफाई स्टाफ और मोबाइल टॉयलेट की सुविधा पक्का करने का निर्देश दिया गया। फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज, ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट और फूड सेफ्टी अधिकारियों को भी लोगों की सुरक्षा और सुविधा के लिए जरूरी इंतजाम करने का निर्देश दिया गया। टूरिज्म डिपार्टमेंट को तीर्थयात्रियों और आने वालों की गाइडेंस के लिए खास जगहों पर ब्यूटीफिकेशन, पब्लिसिटी और होर्डिंग और साइनेज लगाने के लिए कहा गया। डिप्टी कमिश्नर ने इस बात पर जोर दिया कि सभी डिपार्टमेंट को मिलकर काम करना चाहिए ताकि मेले का शांतिपूर्ण, सुरक्षित और आसानी से संचालन हो सके और मंदिर आने वाले भक्तों को सुविधा हो।

# आईएलओ की 22 - 23 की बैठक में शामिल होंगे एनएफआईटीयू के प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय

» प्रथम न्यूज । कानपुर
20 मई ( सुनील बाजपेई )

हैदराबाद में आगामी 22 और 23 में को होने वाली आई एल ओ की बैठक में एनएफआईटीयू के प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय भी शामिल होंगे। आई एल ओ की यह महत्वपूर्ण बैठक प्लेट फार्म वर्कर गिंग, डिलवरी बॉय के रूप, ट्रेवल्स वर्कर जैसे कार्यों को करने वाले कर्मचारियों की समस्याओं पर अन्तर्राष्ट्रीय कानून व नियमावली बनाये जाने से संबंधित है। यह जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि इन प्लेटफार्म वर्करों के लिए कार्य योजनाएं तैयार करने के लिए आईएलओ की पहल पर भारत सरकार के समस्त ट्रेड यूनियनों की सहभागिता से दिल्ली, हैदराबाद में पूर्व में भी दो बैठके हो चुकी है और तीसरी बैठक 22 व 23 मई को हैदराबाद में पुन: आयोजित की गयी है।

वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने बताया कि कामगारों की हित में इस महत्वपूर्ण बैठक में पिछले 02 बैठको की कार्यवृत्ति पर चर्चा करने और आम सहमति के आधार पर कानूनी निर्माण के लिए एक प्रशस्त्र एक रास्ता तैयार किया जायेगा।

अनेक श्रमिक आंदोलन के सफल अगुवाकार राकेश मणि पांडे ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ दुनिया के मजदूरों के लिए एक कार्य योजना तैयार करती है और इसके सदस्य संगठन देश इन कार्य योजनाओ को कानून बनाकर कर लागू करने का कार्य करती है।

उन्होंने बताया कि हैदराबाद की बैठक में सभी पंजीकृत व मान्यता प्राप्त केन्द्रीय संगठन के पदाधिकारी भाग लेंगे जिसमें एनएफआईटीयू के सदस्य भी सम्मिलित होंगे।

इसमें प्लेट फार्म वर्करों की कार्यदशा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक संरक्षण और भविष्य सुरक्षा व चिकित्सीय सुविधा के लिए नियमावली बनाये जाने पर गहन विचार विमर्श किये जायेंगे और सदस्य देशो से इसे कानून को मूर्त रूप में लाकर इनके संरक्षण के लिए प्रयास करेंगी।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय
Website : www.prathamnews.in







# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश पर चंडीगढ़ में अधिकारियों ने अपनाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गुलाबचंद कटारिया के संदेश से प्रेरित होकर चंडीगढ़ प्रशासन ने दिया फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
20 मई ( पुनीत महाजन )

माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान और पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक के निर्देशों पर बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन एवं पंजाब प्रशासन के अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की।

इस अभियान के तहत कई वरिष्ठ अधिकारी साइकिल, ऑटो रिक्शा, बस और पैदल अपने कार्यालय पहुंचे। प्रशासन की इस पहल ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और शहरवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

इस विशेष अभियान में चंडीगढ़ प्रशासन, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन चंडीगढ़, पुलिस विभाग तथा अन्य प्रशासनिक विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डिप्टी कमिश्नर निशांत यादव, आईजी पुलिस पुष्पेंद्र कुमार, चीफ सेक्रेटरी, विभिन्न विभागों के आईएएस, पीसीएस और एचसीएस अधिकारी भी इस मुहिम का हिस्सा बने। इसके अलावा इंजीनियरिंग विभाग के चीफ इंजीनियर सी.बी. ओझा सहित कई अधिकारियों ने साइकिल और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर लोगों को प्रेरित किया। इस अभियान का सबसे खास दृश्य तब देखने को मिला जब गुलाबचंद कटारिया स्वयं सीटीयू बस और इलेक्ट्रिक ऑटो में सफर करते दिखाई दिए। आम लोगों के बीच सफर कर उन्होंने यह संदेश दिया कि सार्वजनिक परिवहन का उपयोग केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है।

वहीं एसडीएम पवित्र सिंह और राजीव तिवारी सहित कई अधिकारियों ने साइकिल का उपयोग कर फिटनेस और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया।

अधिकारियों ने बताया कि तेजी से बढ़ते प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और ईंधन की बढ़ती खपत को देखते हुए इस तरह की पहल समय की आवश्यकता बन गई है।

यदि लोग सप्ताह में कम से कम एक दिन निजी वाहनों की जगह साइकिल, बस या अन्य सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, तो शहर में प्रदूषण के स्तर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और शारीरिक फिटनेस बेहतर होती है।

प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिकारियों ने आम जनता से भी अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएं और दैनिक जीवन में सार्वजनिक परिवहन तथा साइकिल के उपयोग को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा एक सामाजिक दायित्व है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गुलाबचंद कटारिया का यह संदेश अब देशभर में पर्यावरण जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने वाली प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा जा रहा है। शहरवासियों ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक और जरूरी कदम बताया।



## संक्षिप्त न्यूज

### कनाडा में पंजाबी युवक गिरफ्तार, व्यापारियों से वसूली और फायरिंग का आरोप

#### ब्रिटिश कोलंबिया में एक्सटॉर्शन गैंग पर कार्रवाई, 22 मई को होगी सजा



**कनाडा ( ब्यूरो )**- कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में स्थानीय व्यापारियों से कथित वसूली और फायरिंग मामले में एक पंजाबी युवक की गिरफ्तारी की खबर सामने आई है। एबॉट्सफोर्ड पुलिस डिपार्टमेंट की एक्सटॉर्शन टास्क फोर्स ने कार्रवाई करते हुए 22 वर्षीय गुरसेवक सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अदालत द्वारा उसे 22 मई को सजा सुनाए जाने की संभावना जताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, गुरसेवक सिंह को जनता के लिए खतरा माना गया है। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने उसकी तस्वीर भी सार्वजनिक की है, ताकि इस मामले से जुड़े अन्य पीड़ित या गवाह सामने आ सकें। अधिकारियों का कहना है कि गिरोह स्थानीय व्यापारियों को डराकर उनसे पैसे वसूलने की कोशिश कर रहा था।

जानकारी के मुताबिक यह मामला 17 दिसंबर की रात का है, जब किंग रोड स्थित एक व्यापारिक प्रतिष्ठान पर गोलीबारी की घटना हुई थी। हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया और संदिग्ध वाहन का पता लगा लिया।

पुलिस ने हाईवे-1 पर संदिग्ध कार को घेर लिया। वाहन में केवल ड्राइवर मौजूद था, जिसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद मौके पर ही गुरसेवक सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल हैं तथा क्या इसके तार अन्य आपराधिक घटनाओं से भी जुड़े हुए हैं।

एबॉट्सफोर्ड पुलिस प्रशासन ने कहा कि समुदाय की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि व्यापारियों को धमकाने और वसूली जैसे अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके पास मामले से जुड़ी कोई जानकारी है तो वे पुलिस से संपर्क करें।



# देहरादून के पैनेसिया अस्पताल के ICU में AC ब्लास्ट, महिला मरीज की मौत

## ICU में लगी भीषण आग से अफरा-तफरी, 10 घायल, मरीजों को किया गया शिफ्ट, अस्पताल की फायर सेफ्टी पर उठे सवाल, जांच के आदेश जारी

» प्रथम न्यूज । देहरादून
20 मई ( ब्यूरो )

देहरादून स्थित पैनेसिया अस्पताल में बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया, जब अस्पताल के ICU में लगे एयर कंडीशनर (AC) में अचानक ब्लास्ट होने के बाद भीषण आग लग गई। आग लगते ही ICU धुएं से भर गया और अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक 60 वर्षीय महिला मरीज की मौत हो गई, जबकि कई मरीज, अस्पताल कर्मचारी और पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना सुबह करीब 9:22 बजे की बताई जा रही है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ICU की फॉल सीलिंग में लगे AC में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट के कारण विस्फोट हुआ, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई। धुएं के कारण ICU में भर्ती मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और अस्पताल स्टाफ में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक फायर ब्रिगेड की टीम महज छह मिनट के भीतर अस्पताल पहुंच गई थी और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। हादसे के समय अस्पताल में करीब 13 से 14 मरीज भर्ती थे। ICU में भर्ती मरीजों को तत्काल सुरक्षित बाहर




निकालकर दूसरे अस्पतालों में भेजा गया। कई मरीजों को कैलाश अस्पताल और कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। एंबुलेंस की मदद से मरीजों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया।

कैलाश अस्पताल के डायरेक्टर पवन शर्मा ने बताया कि एक महिला मरीज को अस्पताल लाया गया था, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान वीरवती (60 वर्ष), निवासी देहरादून के रूप में हुई है। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि महिला की मौत धुएं में दम घुटने और झुलसने के कारण हुई। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। घटना की जानकारी मिलते ही गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा हालात का जायजा लिया। कमिश्नर ने बताया कि अस्पताल पैनेसिया ग्रुप द्वारा लीज पर संचालित किया जा रहा था और प्रथम दृष्टया आग ष्ट यूनिट में तकनीकी खराबी के कारण लगी प्रतीत हो रही है। पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस हादसे के बाद देहरादून समेत पूरे उत्तराखंड में अस्पतालों की फायर सेफ्टी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रशासन ने कहा है कि अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था, फायर ऑडिट और इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम की जांच की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# बिना नंबर प्लेट वाहनों के खिलाफ जिला पुलिस का विशेष अभियान

## एक दिन में बिना नंबर प्लेट के 58 वाहनों के चालान, 53 वाहन इंपाउंड

» प्रथम न्यूज । कैथल
20 मई ( कृष्ण गर्ग )

जिला पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में जिलेभर में बिना नंबर प्लेट वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं प्रमुख मार्गों पर व्यापक स्तर पर नाकाबंदी कर वाहन जांच की गई, जिसके दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट चल रहे कुल 58 वाहनों के चालान किए गए, जबकि गंभीर नियम उल्लंघन पाए जाने पर 53 वाहनों को इंपाउंड भी किया गया। पुलिस टीमों द्वारा शहर के मुख्य चौक-चौराहों, बाजारों, हाईवे मार्गों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान ऐसे वाहन चालकों पर विशेष नजर रखी गई जो बिना नंबर प्लेट, फर्जी नंबर प्लेट अथवा नियमों के विपरीत मॉडिफिकेशन कर वाहन चला रहे थे।



पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि बिना नंबर प्लेट वाहन चलाना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि इससे आपराधिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सकता है। कई बार अपराधी तत्व पहचान छिपाने के उद्देश्य से बिना नंबर प्लेट वाहनों का प्रयोग करते हैं, जिस कारण ऐसे वाहनों के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी वाहन चालक अपने वाहनों पर निर्धारित नियमों के अनुसार स्पष्ट नंबर प्लेट लगवाए तथा किसी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न करवाएं। इसके अलावा प्रेशर हॉर्न, काली फिल्म, फैंसी नंबर प्लेट एवं अन्य गैरकानूनी उपकरणों का प्रयोग करने से बचें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करने से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आती है बल्कि आमजन की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

### फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर पैसे मांगने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल, 20 मई ( कृष्ण गर्ग )**- सोशल मीडिया पर फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाने के मामले की जांच थाना सिविल लाइन प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश चंद्र की अगुवाई में एएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा आरोपी जगदीश कॉलोनी पानीपत निवासी हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डिफेंस कॉलोनी कैथल निवासी सुनील संधु की शिकायत अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई है।

उक्त फर्जी आईडी के माध्यम से लोगों को मैसेंजर पर संदेश भेजकर पैसों की मांग की जा रही थी। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी हिमांशु के कब्जे से 500 रुपये व वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## 10 करोड़ के सब-स्टेशन घोटाले में विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई

# PSPCL के पूर्व CMD केडी चौधरी गिरफ्तार


**लुधियाना की बसंत सिटी कॉलोनी को पहुंचाया फायदा, विजिलेंस ने पूर्व अधिकारियों समेत 3 को दबोचा**

**सरकारी फंड से निजी कॉलोनी में लगाया गया 66 केवी सब-स्टेशन, PSPCL के पूर्व CMD समेत तीन गिरफ्तार**

» प्रथम न्यूज । लुधियाना
20 मई ( ब्यूरो )

पंजाब के लुधियाना से इस समय बड़ी खबर सामने आई है। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने करोड़ों रुपए के कथित घोटाले में पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (PSPCL) के पूर्व CMD केडी चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके साथ PSPCL के पूर्व वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी संजीव प्रभाकर और लुधियाना स्थित दामिनी रिसॉर्ट एंड बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित गर्ग को भी गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई विजिलेंस जांच नंबर 05, दिनांक 10 मई 2021 के तहत



की गई है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने कथित तौर पर मिलीभगत कर सरकारी नियमों की अनदेखी करते हुए निजी हाउसिंग कॉलोनी 'बसंत सिटी' में सरकारी फंड से करीब 10 करोड़ रुपए खर्च कर 66 केवी का सब-स्टेशन स्थापित करवाया।

विजिलेंस ब्यूरो की जांच में यह भी खुलासा हुआ कि यदि उस समय कॉलोनाइजर की सभी कॉलोनियों के एनओसी और बिजली लोड की संयुक्त जांच करवाई जाती, तो इस सब-स्टेशन का पूरा खर्च संबंधित कॉलोनाइजर को खुद उठाना पड़ता। लेकिन अधिकारियों ने कथित तौर पर नियमों को नजरअंदाज करते हुए सरकारी धन का इस्तेमाल किया।

जांच एजेंसी के मुताबिक, सब-स्टेशन की स्थापना के दौरान बिजली विभाग के निर्धारित आदेशों और प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। इतना ही नहीं, यह तथ्य भी छिपाया गया कि बसंत एवेन्यू सब-स्टेशन तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क मौजूद नहीं थी। यह सब-स्टेशन पक्खोवाल लिंक रोड से लगभग तीन किलोमीटर दूर खेतों के बीच स्थित बताया गया है।

विजिलेंस का कहना है कि तत्कालीन XEN संजीव प्रभाकर और अन्य फील्ड अधिकारियों द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में कई गंभीर खामियां थीं, लेकिन विभाग के उच्च अधिकारियों और तत्कालीन CMD केडी चौधरी ने इन्हें नजरअंदाज करते हुए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इससे बसंत एवेन्यू कॉलोनी को सीधा फायदा पहुंचा। फिलहाल विजिलेंस ब्यूरो मामले की आगे जांच कर रही है और संभावना जताई जा रही है कि इस मामले में अन्य अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है।